CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C
न्यूनतम :23°C

मुरादाबाद, गुरुवार 21 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 3 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा खेल टाइम्स



रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र सम्पादकीय



अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास पेज 12

# मेलोनी-मोदी के बीच हुई बड़ी डील

## भारत और इटली के बीच मजबूत हुई रणनीतिक साझेदारी, इटली के डिजाइन को दिलाएंगे पहचान

रोम, वार्ता

**भारत और** इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर दी है। पीएम मोदी की इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड कर दिया है।

रोम में आयोजित इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलोनी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद, यानी पूरे 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच की दूरी को मिटाकर रिश्तों को एक नई ऊर्जा देगी। द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मेलोनी ने आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपये) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी को वैश्विक कल्याण से जोड़ते हुए एक नया और प्रभावशाली विजन पेश किया। पीएम मोदी ने कहा कि इटली दुनिया भर में अपने बेजोड़ डिजाइन -शेष पृष्ठ दो पर



- 14 बिलियन यूरो के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाएंगे दोनों देश

## मोदी ने की मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट

- इटली में एक ही कार में घूमे, 2000 साल पुराने कोलोजियम में सेल्फी ली

**रोम।** पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने 'एक्स' पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा कि पीएम मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू।

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। यह टॉफी भारत में 1983 से बिक रही है। इसे पारले कंपनी बनाती है। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी, क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी शब्द काफी वायरल हो गया था।

# ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा कर लिया है।

इस मिसाइल का नाम यूएलपीजीएम- वी3 है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है। हवा में दुश्मन के हेलीकॉप्टर, ड्रोन और दूसरे हवाई टारगेट को मार गिरा सकती है। वहीं जमीन पर टैंक, सैन्य वाहन और बंकर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुर्नूल स्थित डीआरडीओ टेस्ट रेंज में किया गया। इसमें इंटीग्रेटेड ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो लॉन्च और कमांड सिस्टम को कंट्रोल करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल को बनाने में मिली सफलता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। डीआरडीओ ने 'एक्स' पर ट्रायल का ये वीडियो शेयर किया। यूएलपीजीएम-वी3 एक स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल है। इसमें सीकर तकनीक लगी है, जिससे यह टार्गेट को पहचानकर लॉक करती है और फिर सटीक हमला करती है। चलते हुए लक्ष्य को भी ट्रैक कर सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इसे एंटी-टैंक रोल के लिए भी तैयार किया गया है। साथ ही यह ड्रोन, हेलीकॉप्टर और दूसरे हवाई लक्ष्यों के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। इस मिसाइल को डीआरडीओ के हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) की अगुआई में डेवलप किया गया है। इसके साथ डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी , टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी और हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी भी इस प्रोजेक्ट में शामिल रहीं।



- टैंक, हेलीकॉप्टर और दूसरे ड्रोन को निशाना बना सकेगी, डीआरडीओ ने स्वदेशी कंपनियों के साथ बनाया

## संक्षिप्त समाचार

### नीट परीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री प्रधान ने अधिकारियों को फर्जी जानकारी, दुष्प्रचार और अफवाह फैलाने वाले चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक और हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर तेजी से कार्रवाई करनी होगी।

### बंगाल में ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7% हुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 17 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। नई लिस्ट के मुताबिक अब सिर्फ 66 जातियां ओबीसी आरक्षण के दायरे में रहेंगी। धर्म आधारित वर्गीकरण की व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है। सरकार का कहना है कि यह फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट के 2024 के आदेश के आधार पर लिया गया है।

# टेट्रा पैक में शराब की बिक्री होगी बंद!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में शराब की बिक्री और पैकेजिंग को लेकर एक अहम जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस जारी किया है।

याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति भी दे दी है। यह याचिका संगठन कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने शराब की पैकेजिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा एक्साइज नियमों में बोतल की परिभाषा स्पष्ट नहीं है, जिसके कारण कंपनियां ऐसे पैकेजिंग डिजाइन का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा हो रहा है। नायर ने अदालत से कहा कि वे फलों के जूस और शराब में भ्रम पैदा कर रहे हैं। बोतलों और पैकिंग पर सेब जैसे फलों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जबकि अंदर वोडका जैसी शराब होती है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह की पैकेजिंग खासकर युवाओं और बच्चों को भ्रमित कर सकती है और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक समान नीति तैयार करे। इसमें टेट्रा पैक, सैशे और जूस जैसे दिखने वाले पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

- सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला, जनहित याचिका हुई दायर
- केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस

# देश संकट में, प्रधानमंत्री विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे को लेकर उन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं श्री मोदी विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आर्थिक तूफान सिर पर है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं। किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं, प्रधानमंत्री हंसते हुए रील बना रहे हैं तथा भाजपा वाले ताली बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है।



### दक्षिण भारत में कम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी अपने पीक पर है। इस बीच मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अरब सागर के ऊपर नया सिस्टम बनने की जानकारी दी है, जो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर सकता है। इससे केरल समेत दक्षिण भारत में बारिश कम होने की आशंका है। एजेंसी ने यह भी कहा है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के 10 राज्यों में अगले एक हफ्ते तक सूखी-गर्म हवाएं चलेंगी।

# CJI के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के सोशल मीडिया पर 5 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। बुधवार शाम 7 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा और एक्स पर करीब 1 लाख 26 हजार तक पहुंच गया।

इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी महाराष्ट्र के अभिजीत दीपके ने बनाई है। इसका नारा है- 'सेक्युलर, सोशलिस्ट, डेमोक्रेटिक, लेजी।' पार्टी के महज एक दिन में ही 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बढ़ चुके हैं। दरअसल, 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। सीजेआई ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा। अभिजीत ने पार्टी का 'लोगो' भी जारी किया है। पार्टी की सदस्यता के लिए 4 योग्यताएं-पहली- बेरोजगारी। दूसरी- आलसी होना यानी डले रहो, पड़े रहो। तीसरी- ऑनलाइन रहने की लत। चौथी- प्रोफेशनली भड़ास निकालने की क्षमता। मैनिफेस्टो जारी, 5 वादे- अगर सीजेपी यानी कॉकरोच जनता पार्टी सरकार में आती है तो रिटायरमेंट के बाद किसी भी सीजेआई को राज्यसभा जाने का रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। अगर कोई वैध वोट डिलीट किया जाएगा, तो मुख्य चुनाव आयुक्त को यूएपीए में गिरफ्तार किया जाएगा, क्योंकि किसी के वोटिंग का अधिकार छीनना आतंकवाद से कम नहीं। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण होगा, न कि 33 प्रतिशत, इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के -शेष पृष्ठ दो पर





- इंस्टाग्राम पर पांच दिन में 60 लाख फालोअर्स बने
- भाजपा के 87 लाख, कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर्स

M.G. Public School
Circular Road, Muzaffarnagar (U.P.)

Heartiest felicitations to the students on attaining this phenomenal feat with excellence.....


SSCE 2025-26 (XII)

COMMERCE STREAM


1st 95.4% Akshat Gupta

2nd 94.4% Riya Narang

3rd 93% Aryan Kuchhal


SCIENCE STREAM


1st 94.8% Lakshay Dhiman

2nd 93.4% Aryan Maan

3rd 91% Kanika Arora

HUMANITIES STREAM


1st 89.8% Radhika Sharma

2nd 89.4% Arisha Qazi

3rd 88% Kashika Verma

SUBJECT TOPPERS

| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Painting | 100 | Palak Baliyan, Ira Mishra |
| Biology | 99 | Lakshay Dhiman, Kanika Arora Navya Goel |
| Accountancy | 99 | Aryan Kuchhal |
| History | 99 | Kashika Verma |
| E. G. | 99 | Vedanshi |
| F. St. | 98 | Divya Verma |
| Chemistry | 97 | Lakshay Dhiman, Aryan Maan, Pranjal Chaudhary |
| Computer Sci. | 97 | Abdullah Ahmad, Saksham |
| English | 97 | Lakshay Dhiman |

| Subject | Highest Marks | Student's Name |
|---|---|---|
| Maths | 96 | Krishna Mittal |
| Applied Maths | 96 | Aryan Kuchhal |
| Economics | 96 | Akshat Gupta |
| B.St. | 96 | Akshat Gupta, Riya Narang |
| P. Ed. | 95 | Umisha Vats, Vihan Raj, Vanshika Sharma |
| Hindi | 95 | Saloni Verma |
| Geography | 93 | Arisha Qazi |
| Physics | 92 | Haragam Jot Singh |
| ETP | 89 | Siddhant Dabral |

Principal
& Staff, M.G.P.S.

Chairman & Members
of Managing Committee, M.G.P.S.

CMYK

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता



## हत्या की आशंका पर गांव में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम बेरखेड़ा में एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मायके पक्ष ने महिला की हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बेरखेड़ा निवासी लगभग 35 वर्षीय पिंकी देवी पत्नी सुनील कुमार रविवार रात से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही हैं। परिजनों के अनुसार ससुराल पक्ष की ओर से महिला की तबीयत खराब होने की बात कहकर उसे आईसीयू में भर्ती कराने की सूचना दी गई, लेकिन किसी अस्पताल का नाम स्पष्ट नहीं बताया गया। जिससे मायके पक्ष को संदेह हो गया। बताया जाता है कि आज सुबह महिला के पिता ओमप्रकाश परिजनों के साथ अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अनवरपुर चंडिका से बेरखेड़ा पहुंचे, तो पति समेत ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार मिले। इसके बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक भी मौके पर पहुंच गए। वहीं हल्का प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच शुरू कर दी। गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं कि महिला की हत्या कर उसका अंतिम संस्कार तक कर दिया गया है, हालांकि पुलिस ने इन चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा तथा मामले की हर पहलू से गंभीरता के साथ जांच की जा रही है। महिला की तलाश के साथ-साथ पति एवं अन्य ससुराल पक्ष के लोगों की खोजबीन लगातार जारी है। पुलिस मामले का वास्तविक खुलासा तभी संभव होगा, जब सभी संबंधित लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला जीवित है या उसकी हत्या की गई है तथा अंतिम संस्कार कर दिया गया है या शव कहीं छिपाया गया है। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है।

# नूरपुर में जंगलराज से दहशत

## किसान से सरेराह मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** खेत पर काम करने के बाद घर वापस लौट रहे किसान से दबंगों ने जमकर मारपीट की। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की बारीकी के साथ जांच की।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस संबंध में मौहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी राकेश शर्मा ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा गया है कि आज दोपहर लगभग 12 बजे ठेरी रोड स्थित अपने खेतों से काम कर ट्रैक्टर द्वारा घर जा रहा था। इस बीच वैवाहिक बैंकट हॉल के नजदीक अचानक बाइक पर पीछे से आए दो युवकों ने हमला बोल दिया। एक युवक ने फावड़े से ताबड़तोड़ वार किये, तो दूसरे ने तमंचे से धमकाया। किसी तरह जान बचाते हुए उन्होंने शौर मचाया, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दोनों हमलावरों को वह नहीं पहचानते है और उन्होंने क्यों हमला किया, इसकी वजह भी उन्हें पता नहीं है। थाना प्रभारी प्रवेज ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। उन्होंने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही।

इस दौरान मौके पर रालोद नेता अजयवीर चौधरी, व्यापारी नेता संदीप जोशी आदि पहुंच गए थे। जबकि परिवार के सदस्य थाने के बाहर खड़े होकर पुलिस से दबंग बदमाशों को पकड़ने की मांग कर रहे थे। इस घटना से किसानों में डर का माहौल बना हुआ है। जंगल में इस तरह की घटना किसानों के लिए चिंता का विषय है।

# बोर्ड परीक्षा में मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन




## प्रियंका मॉडर्न स्कूल में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सीबीएसई ने सत्र 2025-26 की 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया। परीक्षा परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद ही आसपास के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच चहलकदमी शुरू हो गई। ऐसा ही कुछ मंजर था- प्रियंका मॉडर्न स्कूल धामपुर का। इस वर्ष भी पिछले वर्षों की भाँति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के 12वीं के बोर्ड विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जनपद में स्कूल को गौरवान्वित किया है।

इस उपलक्ष्य में आज बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता व अभिभावकों की उपस्थिति समारोह को एक यादगार पल में बदल दिया। प्रियंका मॉडर्न स्कूल विगत कई वर्षों से बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों और विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों के कारण पूरे जनपद और खासतौर पर धामपुर क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस स्कूल में समाज के हर तबके अर्थात विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थी एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिक्षा पा कर रहे हैं। ऐसा कहा जा सकता है कि समाज हित की भावना से कार्यरत प्रबंधन वर्ग और निष्ठावान समर्पित शिक्षकों की कुशल टीम: विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए परिश्रम और लगन से प्रयास कर रही है। इन सभी का यह परिणाम है कि हर वर्ष यह विद्यालय नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर विगत इक्तालीस वर्षों से उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष कक्षा-12 में पीसीएम ग्रुप में देवांश प्रताप सिंह ने 96% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी ग्रुप में वैभव चौहान ने 91% और सात्विक कपूर ने 90.4% अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पीसीबी ग्रुप में अंशिका 94.6% मानवी सिंह 90.4% और श्वेता ने 90.2% अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स ग्रुप में आशि शर्मा ने 94.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भूमि सिंह ने 93% और जेहरा काफील व नकुल अग्रवाल ने 90% अंक पाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आदित्य कौशिक, अंशिका, देवांश प्रताप सिंह, सात्विक कपूर, वानी सिंह, भूमि सिंह, आशी शर्मा, सिद्धार्थ चौहान, भावना चौहान, मानवी सिंह, शुभ गौड़, अफरीदा जमाल और तनिष्का राठी को भी समारोह में सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरन्तर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी व्यक्ति बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकता है। उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का भी उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के प्रयासों और समन्वय से ऐसे सुखद परिणाम सामने आते हैं। स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिती सिंह ने भी सभी मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने भावों को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सम्मिलित प्रयासों के बल पर ही हमारा स्कूल उन्नति की राह पर बढ़ रहा है। इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन परीक्षा प्रभारी तबरेज खान कर रहे थे। इसके अतिरिक्त विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजीव चौहान, मयंक कौशिक, एसके देवरा, कमल भट्ट, रूपराज सिंह, संजय सिंह, कामेंद्र चौहान, अरूण कुमार, रीता राणा, किरन शर्मा, हेमा सिंह, सलोनी अग्रवाल, दीपा कौशिक, शिवानी अग्रवाल, रीता सिंह, मनुज भूमेजा, सतनाम सिंह, डीपी सिंह, विवेक कुमार, शुभम अग्रवाल, और ओमकार सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

# सीएचसी में आधार व आभा आईडी से ऑनलाइन ओपीडी पर्चे बनने शुरू



## मरीज जरूरी दस्तावेज साथ लाएं : डा. स्नेही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शासन के निर्देशानुसार सीएचसी में अब ओपीडी पर्चे आधार कार्ड एवं आभा आईडी के माध्यम से ऑनलाइन बनाए जाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने बताया कि नई डिजिटल व्यवस्था लागू होने से मरीजों का पंजीकरण तेज होगा और उपचार से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन सुरक्षित रहेगा। जिससे डॉक्टरों को बेहतर उपचार में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रणाली लागू होने से लंबी कतारों से राहत मिलेगी तथा दवा वितरण जांच और फॉलोअप प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो सकेगी कर्मचारियों को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है डा. स्नेही ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अस्पताल आने पर अपना आधार कार्ड आभा आईडी और मोबाइल नंबर साथ अवश्य लेकर आएं उन्होंने जानकारी दी कि एक जून 2026 से सभी ओपीडी पर्चे केवल ऑनलाइन मोड से ही बनाए जाएंगे और ऑफलाइन पर्चे बंद कर दिए जाएंगे। इस दौरान डा. हासिम, डा. प्रणव कुमार, डा. राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, फार्मासिस्ट जितेंद्र रावत, प्रदीप रावत, हरीश कुमार, योगेश कुमार एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ राशि, अनम अंकुर, बिट्टू, शोभित, शुभम, राजन समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत बंद बेअसर, मेडिकल स्टोर खुले

## दवाइयों की बिक्री नियमित रूप से होती रही




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** तथाकथित ऑल इंडिया संस्था द्वारा आज आहूत भारत बंद का नगर क्षेत्र में कोई प्रभाव दिखाई नहीं दिया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोर सामान्य दिनों की तरह खुले रहे और दवाइयों की बिक्री नियमित रूप से होती रही।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार रस्तोगी ने बताया कि प्रदेश व केंद्र सरकार के अनुरोध तथा मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए के सभी केमिस्ट और ड्रगिस्ट प्रतिष्ठानों ने सेवाएं जारी रखीं। उन्होंने कहा कि दिनभर किसी भी मेडिकल स्टोर पर बंद का असर नहीं देखा गया और मरीजों को दवाइयों की उपलब्धता में कोई परेशानी नहीं हुई। महासचिव मौहम्मद जिशान (राजा) ने कहा कि संस्था किसी भी प्रकार की हड़ताल या बंद का समर्थन नहीं करती। उनका कहना था कि स्वास्थ्य सेवाएं अत्यावश्यक श्रेणी में आती हैं, इसलिए दवा विक्रेताओं का दायित्व है कि वे जरूरतमंद लोगों को समय पर दवाइयां उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में मेडिकल स्टोर सामान्य रूप से संचालित हुए और आपातकालीन जरूरत वाले मरीजों को भी निर्बाध सेवाएं मिलती रहीं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **शादाव आलम**- Shadav Alam (**पुराना नाम**) से बदलकर **शादाब अंसारी - Shadab Ansari** (**नया नाम**) कर लिया है। भविष्य में मुझे शादाब अंसारी पुत्र मौ. हनीफ (Shadab Ansari S/o Mohd Hanif) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता:** शादाब अंसारी पुत्र मौ. हनीफ, निवासी: मकान नंबर-23, ग्राम चकमहदूद सानी, पोस्ट व थाना- स्योहारा, तहसील- धामपुर, जिला बिजनौर, पिन- 246746, उत्तरप्रदेश

**वर्तमान पता:** B- 14/63, गली नं. 13, सुभाष मोहल्ला, नॉर्थ घोंडा, गढ़ी मेंडू, उत्तर पूर्वी दिल्ली, दिल्ली - 110053

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेलोनी-मोदी...**

और सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी तरफ, भारत की पहचान बड़े पैमाने, असीमित प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस के रूप में है। इसलिए, अब हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली, एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड के साझा सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 इस साझेदारी को एक व्यावहारिक, समयबद्ध और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करेगी। दोनों वैश्विक नेताओं ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई अपनी सात मुलाकातों के बारे में भी बताया है। प्रधानमंत्री मेला.नी ने पीएम मोदी के विजन, व्यावहारिक दृष्टिकोण और उनके नागरिकों के बीच उनकी मजबूत लोकप्रियता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी यह ईमानदारी भरी दोस्ती आपसी सम्मान और भरोसे पर टिकी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक सुरक्षा के मोर्चे पर इतालवी प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाजों की मुक्त आवाजाही की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत और इटली ने यह संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क्स को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों में पिपुल टू पिपुल कनेक्ट अब दिख रहा है। दोनों देशों की भाषा में भी समानता है। संस्कृत और लैटिन एक ही भाषा परिवार से आती हैं। इस तरह हमारा रिश्ता साझी धरो. हर का है। अगले साल दोनों देशों के रिश्ते की 80वीं वीं वर्षगांठ को ईयर ऑफ कल्चर के तौर पर मनाया जाएगा। एक खास बात ये है कि यहां बड़ी संख्या में रह रहे भारत के लोग हमारे संबंधों की जीवंत कड़ी हैं। उनकी देखरेख के लिए मैं पीएम मेलोनी और इटली का आभारी हूं।

**सीजेआई के...** सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है, तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। अभिजीत दीपके अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं। वो 2020 से 2023 तक आम आदमी पार्टी (आप) की सोशल मीडिया टीम में वॉलंटियर भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि मैं एक्स पर सीजेआई का बयान देख रहा था, जहां पर वो सिस्टम की आलोचना करने और राय देने के लिए देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से कर रहे थे। सोशल मीडिया पर मैंने इस पर अपनी राय दी। मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे जेन जी और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने सीजेपी बना ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**(शुद्धि पत्र)**

**Tender Notice- 09Amar-raja-SNT-SigMB-CCTVRRoom-CharBatt-8-shed-MB-2025-26 Date. 19.05.2026**

**विषय:**-मुरादाबाद मंडल के संकेत एवम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के शुद्धि-पत्र सम्बन्ध में।

**सन्दर्भ:**-इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 09Amar-raja-SNT-SigMB-CCTVRRoom-CharBatt-8-shed-MB-2025-26,dated 08.05.2026

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस० एंड टी० शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की तिथि में बदलाव किया गया है:

| क्रम सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | निविदा खोलने के लिए पुरानी तिथि और समय | निविदा खोलने के लिए नयी तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | **SNT-Sig-ELD-FACS-MB-202** प्रोविजन ऑफ़ इ एल डी एंड अफ ए सी एस एट आई बी एस एंड एल सी गेट ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 05/06/2026, 15:00 | 12/06/2026, 15:00 |
| 2 | **4RT-T-CCTVRRoom-MB25-26** मुरादाबाद मंडल के सभी प्रमुख स्थानों पर रिटायरिंग रूम और टिकट काउंटरों के साझा क्षेत्रों की निगरानी के लिए CCTV कैमरे उपलब्ध कराना। | 05/06/2026, 15:00 | 12/06/2026, 15:00 |
| 3 | **02RT-T-CharBatt-MB-25-26** मुरादाबाद मंडल में पुराने हो चुके SMPS-आधारित चार्जर्स के स्थान पर, दूरसंचार उपकरणों के लिए SMPS-आधारित चार्जर्स और बैटरियों की आपूर्ति। | 05/06/2026, 15:00 | 12/06/2026, 15:00 |
| 4 | **01-TELE-8-shed-MB-2025** मुरादाबाद मंडल के आठ गुड्स शेड (SEO, AWP, DPR, BJO, DUB, IQB, RK & BEK) पर बुनियादी ढांचे का प्रावधान/उन्नयन। | 05/06/2026, 15:00 | 12/06/2026, 15:00 |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। **नोट:**- निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **1685/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** गुरू जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद का बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 12 मई को घोषित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस का बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अंकुश गुप्ता जी ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में अनुष्का चौधारी 81% प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चुनमुन ने 76.8% प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा आर्यन ने 75% प्रतिशत अंकों को प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस केक संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डा. सीमा शर्मा, बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता व सहायत प्रवक्ता शिल्पी रानी, शबनम परवीन, विभू चौहान, पियूष चौहान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा

**शेरकोट।** लगभग पांच दिन पूर्व एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो जाने के मामले में उसकी पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि ग्राम नात्थाडोई निवासी मनोज कुमार 15 मई को किसी कार्य से अपने गांव आए हुए था। शाम करीब 6 बजे वह गांव के रिंकू पुत्र पीतम के साथ उसकी बाइक पर सवार होकर ग्राम मंधौरा से अपने गांव नात्थाडोई लौट रहे थे। जैसे ही दोनों ग्राम मंधौरा और नात्थाडोई के बीच पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में मनोज कुमार और बाइक चालक रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उस दौरान आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत एम्बुलेंस की सहायता से दोनों को सरकारी अस्पताल धामपुर में भर्ती करा दिया था। जहां चिकित्सकों ने मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उसके परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। लगभग पांच दिन पूर्व थाने पहुंची मृतक की पत्नी रूना रानी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मूर्ति क्षतिग्रस्त मिलने से क्षेत्र में हलचल



**स्योहारा।** धार्मिक स्थल पर मूर्ति क्षतिग्रस्त मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाल लिए। ग्राम मंदोरी रोड स्थित एक धार्मिक स्थल पर स्थापित मूर्ति का हिस्सा क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया। सुबह टहलने और आवागमन करने वाले लोगों की नजर जब मूर्ति पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ अभय कुमार पांडे, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। स्थानीय लोगों के अनुसार मूर्ति के साथ बना छज्जा भी क्षतिग्रस्त मिला है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हिस्से को ठीक कराने एवं नई मूर्ति स्थापित कराने की प्रक्रिया शुरू कराने की बात कही है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि बंदरों की वजह से नुकसान हुआ होगा, जबकि अन्य इसे शरारती तत्वों की हरकत मान रहे हैं। बताया जाता है कि पूर्व में भी इसी स्थान पर मूर्ति खंडित किए जाने की घटना सामने आई थी। उस समय कुछ लोगों द्वारा माहौल खराब करने की नीयत से दूसरे समुदाय के लोगों पर आरोप लगाने का प्रयास किया गया था, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और समझदारी से मामला शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया था। जांच के दौरान मंदिर के आसपास स्थित खेत के स्वामी का नाम भी चर्चाओं में रहा था और पुलिस की सक्रिय भूमिका से नगर की शांति व्यवस्था कायम रही थी। सीओ अभय कुमार पांडे ने लोगों से अफवाहों से बचने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है तथा क्षेत्र में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा नजीबाबाद, रामपुर तथा डोईवाला स्टेशन पर पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 05.06.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **1706/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | कौरहा स्टेशन पर नए माल गोदाम में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के प्रावधान सहित स्टेशन भवनों, सेवा भवनों, माल गोदाम, परिसंचार क्षेत्र के विद्युतीकरण के लिए सामान्य विद्युत आपूर्ति कार्य, चंदौसी, ज्वालापुर और जंगबहादुर गंज माल गोदामो में बुनियादी ढांचे का उन्नयन/आधुनिकीकरण और उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले किसी भी अन्य स्थल पर सामान्य विद्युत आपूर्ति कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 1,64,24,757.78/- |
| 4 | बयाना राशि जो जमा की जानी है | ₹ 3,28,500/- (ऑनलाइन जमा करें) बोली सुरक्षा या तो ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड अनुबंध-ए (1) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के बाद 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। |
| 5 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 10.06.2026 समय 15:00 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 10.06.2026 समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 26.05.2026 से दिनांक 10.06.2026 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजिटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। |

**प्रपत्र सं. 17-विद्युत/नि/टी/जी.पी.एस/एम.बी./64-A दिनांक: 20.05.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1699/26**

# तीमारदार से ठगी की घटना को शहर पुलिस ने छिपाया

## अस्पताल के बाहर सनसनीखेज वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के चंद्रकांत आत्रेय हॉस्पिटल के बाहर मरीज के परिजन से पन्द्रह हजार पांच सौ रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गंभीर बात यह है कि पीड़ित ने पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं। ठगी की पूरी घटना अस्पताल परिसर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम हसन अलीपुर, थाना नगीना निवासी ब्रह्मपाल का पुत्र दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसका उपचार बिजनौर स्थित चंद्रकांत आत्रेय हॉस्पिटल में चल रहा है। सुबह ब्रह्मपाल अस्पताल के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और बातचीत में उलझा कर उनसे पन्द्रह हजार पांच सौ रुपए की ठगी कर फरार हो गए। पीड़ित ब्रह्मपाल का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर कार्रवाई करने के बजाय मामला शांत कराने का प्रयास किया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि पुलिस ने उन पर दबाव बनाकर यह लिखवा लिया कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहते है।

बताया जा रहा है कि ठगी करने वाले संदिग्ध आरोपी अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। घटना के बाद अस्पताल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। एक ओर परिवार पहले से घायल बेटे के इलाज को लेकर परेशान था, वहीं इस ठगी ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जाती है, तो शातिर आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।

# कोतवाली देहात में भाजपा नेताओं की खुली गुंडागर्दी

## पुलिस कर्मियों ने भी दिया साथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात में भाजपा नेताओं की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। गंभीर बात यह है कि पुलिस कर्मियों ने भी उनका साथ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दबंग भाजपा नेता परिजनों के साथ ग्राम रहमापुर में एक घर में घुस गए और पुलिस की मौजूदगी में परिवार पर हमला कर दिया। महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपितों को घेर लिया और दौड़ा कर पीटा। हमलावर मौके पर दो कार छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित महिला की ओर से भाजपा नेता समेत छह नामजद व अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

घटनाक्रम के अनुसार ग्राम रहमापुर निवासी मोहित कुमार देर शाम कार से अपने ग्राम जा रहा था। रास्ते में पड़ोसी ग्राम विश्नोईवाला निवासी भाजपा नेता सुरेश भगत के पुत्र अंकुल की लकड़ी से लदी खराब हुई ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी थी। रास्ते में ट्राली खड़ी करने को लेकर अंकुल और मोहित में गाली-गलौज हो गई। ग्रामीणों ने विवाद निपटा दिया। अंकुल के घर पहुंचकर घटना की जानकारी स्वजन को दी। रात करीब दस बजे सुरेश भगत परिजनों के साथ दो कारों और लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली व 15-20 अज्ञात लोगों के साथ मोहित के घर पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान दूसरे क्षेत्र के दरोगा परशुराम व दो सिपाही भी उनके साथ थे। पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया और इस दौरान भाजपा नेता पुलिस की मदद से अंदर घुस गए। हमलावरों से बचने के लिए मोहित तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। पीछे-पीछे दबंग पहुंच गए और मोहित के साथ मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने महिलाओं को भी नहीं बख्शा। विवाद बढ़ता देख आरोपी पुलिसकर्मी वहां से चुपचाप चले गये। मोहित की मां आदेश देवी और पत्नी अभिलाषा ने शोर मचा दिया। ग्रामीण मौके पर आ गए और आरोपितों को दौड़ा कर पीटा। हमलावर दोनों कार और ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर छोड़कर भाग निकले। घायल मोहित का मेडिकल कराया गया है। अभिलाषा की तहरीर पर सुरेश भगत व उसके पुत्र अंकुल, विपुल व नकुल, दीपू, शांतनु, नरदेव तथा अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित सुरेश भगत भाजपा मंडल का पूर्व महामंत्री है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में आरोपी पुलिस कर्मियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में तीन घायल

**अफजलगढ़।** आज देर शाम कालागढ़ रामगंगा में नहा कर लौट रहे बाइक सवार युवकों की किसान से टक्कर हो गई, जिसमें तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम माननगर निवासी हरपाल सिंह (52 वर्ष) पुत्र बलराज सिंह पशुओं के लिए सिर पर चारा लेकर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कालागढ़ से नहा कर घर लौट रहे बाइक सवार ललित कुमार (19 वर्ष) पुत्र निर्मल सिंह निवासी अलीयारपुर तथा प्रियांशु (17 वर्ष) पुत्र सौ सिंह निवासी कुंडेश्वरी, थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद की बाइक अनियंत्रित होकर किसान से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ललित कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## एक नजर

### तार गिरने से कार में आग



**बिजनौर।** सिविल लाइन में बिजली का तार टूट कर नीचे गिरने से स्विफ्ट कार में आग लग गई। बताया जाता है कि प्रतीक जैन पेट्रोल पंप के पास बिजली के खंभे में फॉल्ट होने के बाद एलटी लाइन का तार टूटकर नीचे खड़ी स्विफ्ट कार पर गिर गया। कार में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। घटना पेट्रोल पंप के पास होने से बड़ा खतरा पैदा हो गया था। मौके पर मौजूद पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने तुरंत फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। बिजली घर पर सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। जनपद में बिजली के तार काफी जर्जर हालत में हैं। भीषण गर्मी में यह तार लोड नहीं संभाल पा रहे हैं। जगह-जगह फाल्ट हो रहे हैं। विद्युत कर्मचारी एक जगह फाल्ट सही भी नहीं कर पाते है और इससे पहले कई जगह फाल्ट हो जाते है। विद्युत लाइनों के नीचे खड़ा होना खतरे से खाली नहीं है।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने मासिक पंचायत के बाद सीएम को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। गन्ना समिति कार्यालय परिसर में पंचायत आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बड़े आंदोलन के लिए विचार विमर्श किया । उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह 12 जून से तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर लालकोठी (हरिद्वार) में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. गौरव चौधरी, देवेंद्र प्रधान, भूपेंद्र सिंह, नरेश कुमार, योगेंद्र सिंह काकरान, प्रदीप राणा, अंकित दहिया, विनील चौधरी, राहुल चौधरी, मूला सिंह, आकाश चौधरी, जय सिंह, मुव्वशिर बेग, अकरम अली, सुखवीर सिंह, फुरकान अली आदि मौजूद थे।

### दूसरे दिन भी गोताखोर नाकाम



**मंडावर।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए गंगा में नहाने के दौरान डूबे किसान हरि सिंह को गोताखोर आज दूसरे दिन भी नहीं ढूंढ पाए। ग्राम जहांगीरपुर निवासी 65 वर्षीय हरि सिंह पुत्र घसीटा मंगलवार को अंबिका देवी उर्फ गलखा देवी मंदिर के पास स्थित खेतों पर रोजमर्रा की तरह काम करने गया था । उनके साथ गांव के ही बिट्टू भी था। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप में गर्मी से राहत पाने के लिए हरि सिंह गंगा नदी में नहाने उतर गया। वह गहरे भंवर में फंस गया और इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। हालांकि हरि सिंह तैरना अच्छी तरह जानते थे। इस घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

### ट्रेन के बीच फंसने से मौत

**नजीबाबाद।** स्थानीय रेलवे स्टेशन में सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते समय महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर ट्रेन और प्लेट फार्म के बीच में फंस गई। सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान शादमा पत्नी हनीफ निवासी मौहल्ला चारबाग, नई बस्ती के रूप में हुई। महिला अपनी ससुराल सेलमपुर, दिल्ली जा रही थी।


### जेल में मौत की जांच

**बिजनौर।** जिला कारागार में बंद विचाराधीन कैदी मौहम्मद हसन उर्फ शानू की उपचार के दौरान मेरठ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी। इस मामले में जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। डिप्टी कलेक्टर प्रिंस कुमार ने बताया कि अमरोहा निवासी मौहम्मद हसन उर्फ शानू एनडीपीएस एक्ट के मामले में 22 अप्रैल 2026 को जिला कारागार में निरुद्ध किया गया था। 27 अप्रैल को बंदी ने बुखार और कमजोरी की शिकायत की, जिसके बाद उसे जेल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर 30 अप्रैल को जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया। वहां से एक मई को उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, जहां उपचार के दौरान दो मई की रात को चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों और बीएनएसएस की धाराओं के तहत मामले की मजिस्ट्रियल जांच उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बिजनौर द्वारा की जा रही है। प्रशासन ने कहा है कि मामले से संबंधित कोई भी व्यक्ति अपना बयान या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# चेयरपर्सन पति ने ईदगाह क्षेत्र का निरीक्षण किया

**नहटौर।** ईद उल अजहा (बकरीद) के मद्देनजर नगर पालिका चेयरपर्सन पति व प्रतिनिधि मौहम्मद जैद ने ईदगाह क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईदगाह जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान मौहम्मद जैद ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि चुनाव के समय किए गए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार ईद की नमाज के लिए नई और पक्की सड़क से होकर ईदगाह पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की जनता की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता है। वार्ड के लोगों ने निरीक्षण के दौरान जल भराव और जल निकासी की समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मौहम्मद जैद ने भरोसा दिलाया कि सड़क के साथ-साथ नाले का निर्माण भी जल्द शुरू कराया जाएगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गंदगी और जल भराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाना है।

# ईद उल अजहा पर सही अमल करें : मुफ्ती रियाज



## पर्दे में कुर्बानी करने की गुजारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मशहूर आलिम ए दीन मुफ्ती रियाजुद्दीन कासमी उस्ताद मदरसा इशातुल उलूम मानियावाला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद उल अजहा के मौके पर हिदायत देते हुए कहा कि कुर्बानी करने में एहतियात रखनी चाहिए। हम ऐसे मुल्क में रहते हैं। जहां पर सभी मजहबों के लोग रहते हैं। हमारे गलत अमल से किसी को तकलीफ नहीं पहुंचनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बंद जगह पर कुर्बानी करें। कुर्बानी करते वक्त वीडियो न बनाएं और वीडियो बना कर उसको सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। कुर्बानी के अवशेष व गोश्त को सड़कों पर न डालें। उससे गंदी फैलती है और बीमारी फैलने का अन्देशा रहता है।

अवशेष को कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। कुर्बानी की जगह और नालियों को पानी से धो दें। उन्होंने कहा कि इस्लाम का कोई भी अमल व त्यौहार ऐसा नहीं है, जिससे दूसरों को तकलीफ पहुंचे। अगर आप कुर्बानी कर रहे हैं और उससे दूसरों को तकलीफ पहुंचे रही है, तो उससे अल्लाह राजी नहीं होगा। कुर्बानी तो आपकी हो जाएगी, लेकिन अल्लाह के यहां मकबूल नहीं होगी।

# नौ साल की उम्र में हाफिज बने आरेज

## मदरसा मारिफ उल उलूम में सालाना जलसा दस्तारबंदी

**मनव्वर अंसारी**

**सहसपुर।** सिर्फ नौ साल की उम्र में हाफिज ए कुरान बन कर आरेज यजदानी ने खानदान का नाम रौशन किया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार मदरसा मारिफ उल उलूम में दस्तारबंदी के मौके पर जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें मेहमान ए खुसूसी के तौर पर एशिया की अजीम दर्सगाह दारुल उलूम देवबंद से मौलाना मौहम्मद सलमान सहसपुरी, उस्ताद ए हदीस दारुल उलूम देवबंद और मुफ्ती तौहीद आलम, उस्ताद ए हदीस मदरसा शाही मुरादाबाद ने शिरकत की। मौलाना सलमान ने मौजूदा हालात पर बयान किया। जबकि मुफ्ती तौहीद आलम ने इल्म की जरूरत और फजीलत पर बयान करते हुए फरमाया कि इतना इल्म ए दीन सीखना, जिससे हलाल और हराम के बीच फर्क किया जा सके, हर मुसलमान पर वाजिब और जरूरी है। इसी तरह सूद के हराम होने पर बयान करते हुए मुफ्ती तौहीद आलम ने फरमाया कि सूद निहायत ही बुरा और लानती अमल है। इसकी हुरमत कुरान और हदीस से साबित है।

मदरसा मारिफ उल उलूम से फारिग होने वाले तकरीबन 44 तलबा की दस्तारबंदी की गई। मास्टर शहजाद अहमद के बेटे आरेज यजदानी ने सिर्फ नौ साल की उम्र में कुरान ए पाक हिफ्ज मुकम्मल किया। उनकी भी दस्तारबंदी हुई। तजवीद से 20, जबकि दर्जा हिफ्ज के 24 तलबा की दस्तारबंदी की गई। जिसमें हाफिज मौहम्मद शाहनवाज पुत्र मौहम्मद अकरम भी शामिल थे। निजामत के फराइज मुफ्ती कासिम उस्ताद मदरसा मारिफ उल उलूम ने अंजाम दिए। इसके अलावा मौलाना शफीकुर्रहमान की दुआ पर प्रोग्राम का इख्तिताम हुआ।

इस मौके पर मदरसे के सदर अलहाज बाबू हबीबुर्रहमान, हाजी शमसुद्दीन, मुफ्ती अकील अहमद, मौलाना इनामुर्रहमान, मौलाना यूसुफ शेरकोट, कफील, हाफिज निजामुद्दीन, कारी रईस, डॉक्टर नजर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### व्यापारियों से चंदाखोरी बंद



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक जामा मस्जिद के निकट आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ भी बैठक में शामिल रहे। अध्यक्षता प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदु सर्राफ ने की। इस दौरान जामा मस्जिद मार्केट का अध्यक्ष मौहम्मद जीशान, मुनीरग. ंज का अध्यक्ष खुर्रम अफजाल और अमदु खां चौराहा का अध्यक्ष मौहम्मद जाहिद को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं प्रदेश मंत्री बिंदु सर्राफ ने तीनों नवनियुक्त अध्यक्षों को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों का नंबर वन संगठन है। जनपद में अन्य व्यापार मंडलों द्वारा चलाए जा रहे चंदाखोरी के धंधे को उनके संगठन ने बंद करा दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन निस्वार्थ सेवा के लिए होता है। कार्यक्रम का संचालन शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महामंत्री रईस कुरैशी, तनवीर उस्ताद, युवा नगर अध्यक्ष शेर अली, धीरज झा, श्रीमती गीता केसले, विशाल कुरैशी, मौहम्मद आसिफ, सिताब खान, मौहम्मद इरशाद, दीपांशु वर्मा, मौहम्मद कमर, परवेज अली, मौहम्मद असगर, मौहम्मद दानिश, मौहम्मद साजिद, मौहम्मद आसिफ आदि मौजूद थे।

### आवास योजना में धांधली

**बिजनौर।** प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत की गई थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों का गलत चयन किया गया हैं। शिकायत में कहा गया कि उनकी न अपनी भूमि है और वह किरायेदार हैं, फिर भी जांच कर्ताओं ने लाभार्थियों का सत्यापन बिना किसी आवश्यक नक्शे और कागजात के कर दिया। जिसके कारण लाभार्थी राजेन्द्र वर्मा और प्रियंका वर्मा को पात्र बना दिया। जिसकी शिकायत श्रीमती ऊषा शर्मा पत्नी शिवकुमार शर्मा निवासी मौहल्ला खत्रियान बी-12 ने की। जिसमें कहा गया कि इनका अपना मकान नहीं है यी किरायेदारी के मकान में रहते हैं, जिसमें कुछ हिस्से में राजेन्द्र वर्मा व कुछ हिस्से में प्रियंका वर्मा रहते हैं। दूसरी ओर पिंकी खन्ना पत्नी कुलदीप खन्ना को एक सादे कागज पर लिखी वसीयत के आधार पर लाभार्थी बनाकर ढाई लाख रुपए गलत तरीके से दिए गए, जबकि इनके पास दो मकान स्वयं का, चार पहिया वाहन, मोटर साइकिल, स्कूटी होने पर भी गरीब दिखाकर लाभार्थी बनाया गया। श्रीमती शर्मा का कहना है कि इन तीनों की कई बार जांच की गई। पांच वर्षों की कड़ी मेहनत, तहसील, नगर पालिका परिषद की जांच के उपरांत तीनों को अपात्र घोषित किया गया। लेकिन डूडा विभाग ने आज तक इनसे वसूली नहीं की है। डूडा में इस तरह के कई घोटाले सामने आ चुके हैं।

# रामनाथ स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ




**नूरपुर।** आजमपुर के रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शि. विर कक्षा एक से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सात दिवसीय शिविर में विभिन्न शैक्षणिक, मनोरंजक एवं रोचक गतिविधियां शामिल की गई हैं। जिनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित क्रियाएं, कला, शिल्प, नृत्य, गायन, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी। उद्घाटन प्रबंध निदेशक राजीव शर्मा एवं रचित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य मोहित सिरोही ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान स्नेहा, अफशा, श्रीमती नाहिद, अरुण, सागर, सक्षम, लालमन, हिमाचल, साक्षी, कशिश, सृष्टि, मोनिका, स्वाति, हनी, शबनम, सोनी, विधि आदि मौजूद थी।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहे मेडिकल

**शेरकोट।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज नगर का दवा बाजार पूरी तरह बंद कर विरोध जताया है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रग्गिस्ट के आह्वान पर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के समर्थन में दवा व्यापारियों ने बंदी रखकर विरोध जताया। बाजार बंद रहने से शहर के प्रमुख मेडिकल स्टोरों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। यूनियन अध्यक्ष अचल चौहान ने कहा कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से छोटे और मध्यम मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवा उपलब्ध होना मरीजों की सेहत के लिए भी खतरा साबित हो सकता है। व्यापारियों का कहना था कि दवा कारोबार स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा संवेदनशील विषय है।

# झुलसे बच्चों से मिले चंद्रशेखर

## परिजनों को मदद का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने पिछले दिनों झालू मार्ग पर बिजनौर चीनी मिल की राख से झुलसे पांच बच्चों से मिल कर परिजनों को मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित परिवारों की मदद एवं आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए कहा।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने आज यहां बिजनौर चीनी मिल की राख से झुलसे पांचों बच्चों का हालचाल जाना और उनके परि. जनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बात. चीत कर पूरे मामले की जानकारी ली। बिजनौर चीनी मिल के खिलाफ अब तक रिपोर्ट दर्ज न होने पर सांसद ने नाराजगी जताई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ हुई यह घटना बेहद गंभीर है और जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य व जिला पंचायत सदस्य विवेक सैन, युवा नेता परवेज पाशी आदि भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

## एक नजर

### गर्मी से होटलकर्मी बेहोश



**नगीना।** आसमान से बरसती आग और भट्टी की भीषण तपिश के बीच आज दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रेस्टोरेंट में उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां कार्यरत एक कर्मचारी अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़ा। मौहल्ला कायस्थ सराय निवासी सुरेंद्र कुमार (40 वर्ष) पुत्र महेश कुमार रेस्टोरेंट की धधकती भट्टी के पास सहायक के पद पर मुस्तैदी से काम कर रहा था। इस बीच सुरेंद्र को अचानक तेज चक्कर आया और वह अचेत होकर सीधे जमीन पर गिर गया। सुरेंद्र को अचानक गिरता देख रेस्टोरेंट में चीख-पुकार मच गई। अन्य कर्मचारी ने सुरेंद्र को सीएचसी पहुंचाया। फिलहाल सुरेंद्र की तबीयत स्थिर है और उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**बिजनौर।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में आज भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने सीबीएसई (CBSE) कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 80% तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन करने वाले 65 मेधावी विद्यार्थियों को पूरी स्कूल असेंबली में समस्त विद्यालय के सम्मुख सम्मानित किया। समारोह के दौरान डा. सीमा विश्वास ने सभी होनहार विद्यार्थियों को माला पहनाकर और चॉकलेट भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस विशेष सम्मान समारोह का मुख्य सार और उद्देश्य स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के भीतर एक सकारात्मक जागरूकता और प्रेरणा पैदा करना है। डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आज इन बच्चों की सफलता को सबके सामने सराहने का मकसद यही है कि बाकी विद्यार्थी भी इनसे प्रेरणा लें। हम चाहते हैं कि हर विद्यार्थी के अंदर यह विश्वास जगे कि वे भी कड़ी मेहनत और सही दिशा के साथ अपने भविष्य को इससे भी अधिक बेहतर और उज्जवल बना सकते हैं।

### राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत




**अफजलगढ़।** विकास खंड अफजलगढ़ कार्यालय के मुख्य द्वार पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार चौहान तथा बीडीओ मनवीर सिंह ने राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया। तेज गर्मी में शीतल शरबत पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने आयोजन की सराहना की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार चौहान ने कहा कि बड़े मंगलवार पर सेवा कार्य करना पुण्य का कार्य है। गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल जल एवं शरबत पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं है। वहीं बीडीओ मनवीर सिंह ने बताया कि ब्लॉक प्रशासन द्वारा समय-समय पर जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। कार्यक्रम में एडीओ कृषि रोहित कुमार, एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान मितान सिंह सहित ब्लॉक कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन के दौरान सैकड़ों राहगीरों ने शरबत ग्रहण किया।

### शातिर लुटेरा मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नगीना।** थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस टीम के साथ ग्राम धर्मपुरा के पास संदिग्ध वाहनों और अपराधियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि विगत 15 मई को अकबराबाद रोड पर एक महिला से कुंडल छीनने की वारदात में शामिल वांछित बदमाश बाइक से नगीना की तरफ आ रहा है। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो वह बाइक की रफ्तार बढ़ाकर पटपड़ा राजवाहे की तरफ भागने लगा। सामने से दूसरी पुलिस मोबाइल गाड़ी को आता देख उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायर झोंक दिया, जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। थाना प्रभारी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव पुत्र रवि, निवासी ग्राम मौथेपुर कीरत, थाना कोतवाली देहात, बिजनौर बताया। पकड़े गए अभियुक्त गौरव ने कुबूल किया कि उसने अपने तीन अन्य साथियों (अनिकेत, गौरव पुत्र रामौतार और अखिल) के साथ मिलकर 15 मई की रात अकबराबाद रोड पर एक बाइक सवार दंपत्ति को रोककर लाठी-डंडों से मारपीट की थी और महिला के कानों से सोने के कुंडल छीन लिए थे। पुलिस ने इसके दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अखिल नाम का आरोपी अभी फरार चल रहा है जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

### झोलाछाप डॉक्टर पर एफआईआर

**नगीना।** ग्राम कल्याणपुर की निवासी शगुफ्ता अंजुम पुत्री मुबा. रक हुसैन ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि क्षेत्र का निवासी अशरफ अंसारी पुत्र लियाकत बिना किसी डॉक्टरी डिग्री के अवैध रूप से लोगों का इलाज कर रहा है और मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सीएमओ कार्यालय द्वारा मामले की जांच कराई गई। जांच के दौरान तत्कालीन नोडल अधिकारी व एसीएमओ डा. प्रमोद देशवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के अवैध क्लीनिक को नोटिस देकर सील कर दिया था। शिकायत कर्ता ने बताया कि कुछ दिन बाद आरोपी अशरफ अंसारी ने बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के क्लीनिक की सरकारी सील को अवैध रूप से खोल दिया है और वहां फिर से मरीजों का इलाज करना शुरू कर दिया है। इस गंभीर सूचना पर डिप्टी सीएमओ डा.केपी सिंह ने 30 मार्च 2026 को क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सच पाई गई और क्लीनिक की सील खुली हुई मिली। जिसके बाद अधिकारी ने मौके पर ही क्लीनिक को दोबारा सील कर आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। डा. केपी सिंह की लिखित तहरीर पर नगीना पुलिस ने एफआईआर संख्या 0127 दर्ज कर ली है।

# नसबंदी शिविर में विवाद

## चिकित्सक पर महिला ने लगाया अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सीएचसी में आयोजित परिवार नियोजन शिविर के दौरान एक महिला द्वारा चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार और मारपीट के आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई।





प्राप्त समाचार अनुसार मंगलवार को सीएचसी में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में मुजफ्फरनगर जनपद क्षेत्र से आई एक महिला भी ऑपरेशन कराने पहुंची थी। आरोप है कि प्रक्रिया के दौरान किसी बात को लेकर महिला और चिकित्सक के बीच विवाद हो गया। महिला ने चिकित्सक पर दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने महिला का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर, सीएचसी प्रभारी डा. जितेंद्र कुमार ने महिला के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि शिविर के दौरान एक आशा कार्यकत्री द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप किए जाने से व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग मामले की जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। वहीं, वायरल वीडियो को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक मनाने का डीएम का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि प्रशासन ईद उल अजहा को पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी शरारती तत्व द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने बैठक में उपस्थित धर्मगुरूओं एवं संभ्रांत नागरिकों का आह्वान किया कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी की कोई भी तस्वीर शेयर न की जाए और न ही कोई ऐसी पोस्ट शेयर की जाए, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो सके। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन त्यौहार को सकुशल शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग के लिए तत्पर है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी अवस्था में कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए, बल्कि पर्दे की समुि. चत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



## धर्म गुरुओं के साथ बैठक

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि कुर्बानी के अवशेषों का डिस्पोजल करने के लिए गहरे गड्ढे खोदे जाएं और परिवहन के समय यह सुनिश्चित किया जाए कि अवशेष पूरी तरह से ढके हुए हों। किसी भी अवस्था में वाहन से अवशेष सड़क पर न गिरने पाए।

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि कोई भी नई परंपरा की अनुम. ति नहीं दी जाएगी। कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का कोई कार्य न करे, जो पूर्व में न किया गया हो।

उन्होंने बिजली, पानी एवं सफाई व्यवस्था की सुविधा के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी समस्याओं को नोट कर लिया गया है और संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शत-प्रतिशत रूप से उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

एसपी अभिषेक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहार से पूर्व संवेदनशील परिवहन मार्गो, कुर्बानी के स्थलों तथा कुर्बानी के अवशेष डिस्पोजल स्थलों का बारीकी के साथ निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मार्गों से कुर्बानी का गोश्त परिवहन किया जाना है और वहां पर धार्मिक स्थल भी मौजूद हैं, ऐसे मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं तथा अपराधिक प्रवृत्ति एवं शरारती तत्वों को मुचलका पाबंद करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन पर गहरी निगाह भी रखें। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानावार शांति कमेटी की बैठकों का आयोजन करना सुनिश्चित करें तथा पशु चोरों पर विशेष रूप से कड़ी निगाह रखें।

## बाइक सवार बदमाशों का युवक पर जानलेवा हमला

**नगीना।** ग्राम जलालपुर सुल्तान निवासी सुरेंद्र कुमार (36 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह 15 मई की रात को अपनी पत्नी अमरीता को बाइक से दवाई दिलाकर घर लौट रहे थे। वे रात करीब 9.20 बजे जैसे ही जलालपुर सुल्तान रास्ते पर शराब के ठेके के पास पहुंचे, तभी एक बाइक पर सवार 3-4 अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बाइक रुकते ही बदमाशों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। घटना के दौरान सुरेंद्र की पत्नी अमरीता ने बीच-बचाव करते हुए अपने पति को बचाने का कड़ा प्रयास किया और शोर मचाया। खुद को घिरता देख हमलावर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। होश में आने और प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित ने नगीना थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपराध संख्या 0126/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 101(1), 115(2), 12(2), 351(3) और 352 के तहत मामला पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने जांच उपनिरीक्षक सरवेज खान को सौंपी है।

# अफवाहों के साए में तरबूज

## कौड़ियों के दाम बिकने को मजबूर, लागत भी नहीं निकल रही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हाल ही में सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर तरबूज को लेकर फैली कुछ भ्रामक अफवाहों ने इसके कारोबार को भारी चपत लगाई है। अफवाहों के कारण इस वक्त बाजार में तरबूज की बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसका सीधा असर किसानों और स्थानीय व्यापारियों पर पड़ा है।

पश्चिमी उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष व मंडी समिति के फल और सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष कय्यूम राइन ने स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इस वक्त मुख्य मंडी में तरबूज का थोक भाव गिरकर महज चार रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है।



इस मंदी का सबसे बुरा असर तरबूज उगाने वाले किसानों पर पड़ रहा है। मंडी अध्यक्ष के मुताबिक, बाजार में मंदी के कारण कृषकों को एक किलो तरबूज पर मुश्किल से दो या तीन रुपए ही मिल पा रहे हैं। हालत यह है कि किसानों के लिए अपनी फसल को खेत से मंडी तक लाने का गाड़ी भाड़ा (किराया) निकालना भी दूभर हो गया है। लागत न मिलने से क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं।

आमतौर पर चिलचिलाती गर्मी के इस सीजन में तरबूज की मांग बहुत ज्यादा रहती है। आम दिनों में सब्जी मंडियों और ठेलों पर तरबूज आसानी से 20 रुपए प्रति किलो के भाव बिकता है। लेकिन वर्तमान में फैली अफवाहों के डर से ग्राहकों ने तरबूज से दूरी बना ली है, जिससे फुटकर बाजारों में भी इसके दाम काफी गिर गए हैं। व्यापारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे बिना किसी वैज्ञानिक आधार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सीजनल फल का खुलकर आनंद लें।

### मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक मीना सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अजय कुमार उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के निर्देशन में हुआ में हुआ। कार्यक्रम में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत ताइक्वांडो, खो खो, डांस, वॉलीबॉल, म्यूजिक डांस, लूडो, क्रिकेट, रैनी डांस आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजली राज, वैशाली कश्यप, स्वाति कश्यप ने किया। समर कैंप में बालेश कुमार, गजेय सिंह, रुपाली, प्रीति शर्मा, महिमा भटनागर, सवलिहा, दीक्षा, सतीश कुमार, विनोद कुमार, कुशलपाल सिंह, रोहिताश सिंह एवं अर्शी अबरार आदि का सहयोग रहा।

# नगीना में बकरीद की तैयारियां तेज

## बकरा बाजार और मीना बाजार में उमड़ी भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार नजदीक आते ही स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ गई है। 28 मई को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर कस्बे के बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। एक तरफ जहां कुर्बानी के लिए बकरों की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ईद की अन्य तैयारियों को लेकर मुख्य बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं है।

मंगलवार को नगर के लाल सराय चौक पर लगे पशु बाजार में सुबह से ही खरीदारों का तांता लगा रहा। हालांकि इस बार बाजार में छाई महंगाई ने खरीदारों की जेब पर भारी असर डाला है।



बाजार पहुंचे स्थानीय निवासी मौहम्मद आरिफ, फरहान आजाद, मकसूद अहमद, मौहम्मद असलम और मौहम्मद खालिद आदि ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बकरों की कीमतों में भारी उछाल आया है। जो बकरा पिछले साल 10 से 15 हजार रुपए में आसानी से मिल जाता था, इस बार उसकी कीमत 20 से 30 हजार रुपए तक पहुंच गई है। बढ़ती महंगाई के कारण बजट बिगड़ गया है, जिससे खरीदार काफी परेशान नजर आए।

दूसरी ओर, ईद के मद्देनजर नगर का प्रसिद्ध मीना बाजार पूरी तरह गुलजार दिखाई दे रहा है। मंगलवार को बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ मुस्लिम महिलाओं की रही। सौंदर्य प्रसाधन (कॉस्मेटिक्स), कपड़े, जूते-चप्पल, ज्वेलरी और किराना की दुकानों पर ग्राहकों की भारी आवाजाही से व्यापारी बेहद उत्साहित हैं। त्योहार को लेकर कस्बे के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर देर रात तक चहल-पहल बनी हुई है।

## एक नजर

### ट्रेन से कट कर महिला की मौत

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला बुखारा रेलवे लाइन पर बीती देर रात चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से कविता देवी (45 वर्ष) पत्नी जितेंद्र निवासी ग्राम पूरनपुर गढ़ी, थाना नजीबाबाद की मौत हो गई। वह पिछले कुछ दिनों से अपनी ननद के यहां मौहल्ला बुखारा में आई हुई थी। बीती रात किसी समय वह बुखारा रेलवे लाइन के पास पहुंच गई। इसी दौरान कविता वहां से गुजर रही चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौक पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं।

### संविदाकर्मी का स्थानांतरण

**नजीबाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 14 मई को आयोजित नसबंदी कैंप के दौरान ड्यूटी से गायब रहने और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ब्रिजेश कुमार की संविदा समाप्ति की संस्तुति की गई है। फिलहाल उसका स्थानांतरण हल्दौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए हो गया है। लेकिन उसकी संविदा समाप्त नहीं की गई है। चर्चा है कि उसे बचाया जा रहा है।

### बाइक सवार दो घायल

**नगीना।** थाना बढ़ापुर के ग्राम नूरपुर अरब निवासी चेतराम (44 वर्ष) पुत्र थानी सिंह और रोहिताश (40 वर्ष) पुत्र गोविंद बाइक से जा रहे थे। तभी सामने से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय राहगीरों ने तुरंत 102 एम्बुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया है।

### बंद रहे मेडिकल स्टोर




**बिजनौर।** ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के विरोध में एआईओसीडी के आह्वान पर मेडिकल व्यापारियों का बंद का व्यापक असर देखने को मिला। शहर के मुख्य दवा बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे। खासतौर पर दवा बाजार पूरी तरह ठप रहा। जिससे दवा लेने पहुंचे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दवा व्यापारियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर बंद का समर्थन किया। दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री से छोटे कारोबारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। उनका यह भी कहना है कि बिना पर्याप्त निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। बंद के दौरान जिला कैमिस्ट एसो. के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, जिला चेयरमैन देवेश कुमार, जिला संगठन मंत्री हितेंद्र खरबंदा, आलोक गोविल, जिला सचिव तारिक मसरूर, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद आसिफ, जिला मुख्य सचिव केके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सोनू, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला संरक्षक सुशील कुमार, जिला मुख्य संरक्षक एमपी सिंह और जिला मुख्य महासचिव सतीश गहलौत आदि मौजूद रहे।


### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौहम्मद शारिक हाल निवासी बैराज कॉलोनी कस्बा व थाना बिजनौर मेरी कोई देखभाल व सेवा नहीं करता है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ इसका व्यवहार ठीक नहीं है। किसी के दुख-सुख में शामिल नहीं होता है। इसकी हरकतों से तंग आकर मैंने व परिवार के अन्य सदस्यों ने मौहम्मद शारिक से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त कर दिया है और मैंने उसे बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **खालिद हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन, मौहल्ला लुहारी सराय नगीना ( बिजनौर )**

### संबंध विच्छेद सूचना

हम अपने पुत्र नदीम व उसकी पत्नी शुमायला को उनके गलत चाल चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने समस्त पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हैं। भूतकाल या भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन, कृत्य व अपराध के लिये हम या हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मोहम्मद यासीन पुत्र अब्दुल अजीज व आसमा खातून पत्नी मोहम्मद यासीन निवासीगण मोहल्ला शेखान, कस्बा सहसपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम MOHD ADIL से बदलकर MOHD ADEEL कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD ADEEL S/O ILYAS HUSAIN, MOHALLA TEERGRAN NEHTAUR, BIJNOR

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय हरपुर में चिन्हित एक कक्ष की नीलामी निर्धारित मूल्यांकन (33900/-) से दिनांक 25-05-26 को प्रात: 9:00 बजे प्राथमिक विद्यालय हरपुर तथा क. वि. रायपुर खादर में चिन्हित एक कक्ष की नीलामी निर्धारित मूल्यांकन (133500/-) से दिनांक 25-05-26 को प्रात: 11:00 बजे क. वि. रायपुर खादर में सामूहिक रूप से आयोजित की जाएगी। नीलामी में शामिल होने वाले प्रतिभागी अपने मूल आधार कार्ड सहित उपस्थित होंगे।

नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने हेतु चिन्हित कक्ष की भौतिक स्थिति स्वयं ही जांचे व प्रक्रिया में भाग ले। नीलामी के अन्य नियम व शर्तें नीलामी स्थल पर प्रक्रिया से पूर्व ही घोषित की जाएगी।

**नोट** - नीलामी प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर निर्णय का सर्वाधिकार, स्थगित करने या निरस्त करने आदि का समिति के अध्यक्ष में अंतर्निहित है।

**प्रधानाध्यापक**
**प्रा. वि. हरपुर / क. वि. रायपुर- खादर,**
**वि. क्षेत्र जलीलपुर ( बिजनौर )**

एक नजर

## हाईटेंशन करंट से बुजुर्ग की मौत



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरीपीर निवासी 65 वर्षीय रमजानी पुत्र सुल्तान मजदूरी पर ईख नलाने जा रहा था। जैसे ही वह रिजवान के खेत पर पहुंचा, तो वहां पड़ी 11 हजार विद्युत लाइन की चपेट में आकर साइकिल सवार रमजानी बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के खेत पर काम कर रहे किसानों ने जब यह नजारा देखा, तो उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजनों ने विद्युत विभाग और स्थानीय पुलिस को हादसे से अवगत कराया। सूचना मिलते ही हल्का दरोगा व थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह मौके पर पहुंच गए, लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर आना गवारा नहीं समझा। जिससे परिजनों में गुस्सा पनप गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग की घोर लापरवाही का अलम यह है कि करीब एक सप्तह पूर्व विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों को खेत में तार टूटा होने की सूचना दे दी गई थी, परंतु गैरजिम्मेदार विद्युत कर्मचारियों ने विद्युत तार को न तो जोड़ना ही गवारा समझा और न हीं खेत से हटाना गवारा समझा। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने सूचना देने के लिए एक्सईएन, एसडीओ और जेई को फोन किया लेकिन तीनों के ही फोन स्विच ऑफ थे।

## राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसो. की बैठक



**धामपुर।** तहसील सभागार में राजस्व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मदनपाल सिंह तथा संचालन रथींद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना और राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शोभा शर्मा की पेंशन संशोधन और रामकिशन शर्मा के चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान से जुड़ी समस्याएं उठाई गईं। निर्णय लिया गया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल संबंधित अधिकारियों से वार्ता करेगा। बैठक में कई सदस्यों ने संगठन हित में अपने विचार रखे। साथ ही सदस्यों ने वार्षिक अंशदान भी जमा किया। इस मौके पर लेखपाल अशोक कुमार ने अपनी स्वरचित पुस्तक 'प्रताप चरित मानस महाकाव्य' की प्रति अध्यक्ष को भेंट की। बैठक के अंत में दिवंगत सदस्यों और परिजनों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

## एनआरएलएम के अंतर्गत बैठक



**अफजलगढ़।** प्रेरणा दिवस के अवसर पर आज खंड विकास कार्यालय स्थित डवाकरा हॉल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत कार्यरत आजीविका सखी, उद्योग सखी एवं जल सखियों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, आजीविका संवर्धन तथा जल संरक्षण एवं गुणवत्ता परीक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) इकबाल अहमद ने महिलाओं को खेती एवं पशुपालन आधारित रोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं जैविक खेती, मशरूम उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मिट्टी के बर्तन तैयार करने, शुद्ध गोबर के उपले बनाने तथा जैविक गुड़ एवं शक्कर का उत्पादन कर उसकी ब्रांडिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस दौरान जल मिशन के प्रशिक्षक सुरेश चंद्र भारद्वाज ने जल सखियों को पानी की गुणवत्ता जांचने की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी जल सखियों को पानी जांचने की टेस्टिंग किट भी वितरित की गई। बैठक में ब्लॉक मिशन प्रबंधक विमला देवी, विशेष कुमार, जल मिशन के प्रतिनिधि तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का अवकाश घोषित

**बिजनौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चौबे ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत डीएम के निर्देशों के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों के गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों का 21 मई 2026 से 30 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। इस अवधि में 03-06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर नहीं होगी, परंतु समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केंद्र पर उपस्थित रहते हुए, पोषण ट्रेकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों को एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण, वृद्धि निगरानी तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों, वीएचएसएनडी सत्रों पर जीएमडी सहित उपस्थिति, स्वास्थ्य जांच व संदर्भन सेवा एवं अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगे।

## श्री राम कॉलेज ने बांटा ठंडा जल और शरबत

**धामपुर।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर श्रीराम कॉलेज द्वारा राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के बीच इस सेवा कार्य से लोगों को राहत मिली। कॉलेज के अध्यक्ष डा. एनपी सिंह और शिखा सिंह ने कहा कि बड़े मंगल सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश देता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने स्वयं उपस्थित रहकर राहगीरों को जल और शरबत वितरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. ममता सिंह, हिमांशु कुमार, चंचल सैनी, तनु ज्योति, तनु चौहान, इकरा परवीन, प्रिया चौहान, शैली चौहान, वर्षा सैनी, राजन कुमार, सचिन कुमार सहित समस्त स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मुर्गी फार्म पर गुलदार का हमला

## भवानीपुर में जाली तोड़कर घुसे जोड़े ने 100 से अधिक मुर्गियां मारीं

शाह टाइम्स संवाददाता



**अफजलगढ़।** ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में आज तड़के गुलदार के जोड़े ने मुर्गी फार्म में घुसकर भारी नुकसान पहुंचाया। गुलदारों ने जाली तोड़कर फार्म में प्रवेश किया और सौ से अधिक मुर्गियों को मार डाला। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्रामभवानीपुर उर्फ जिकरीवाला निवासी मौहम्मद रफीक का मुर्गी फार्म वसीम के आम के बाग के पास आबादी क्षेत्र के समीप स्थित है। आज तड़के करीब चार बजे फार्म में सो रहे चौकीदार धर्मा को अचानक मुर्गियों के फड़फड़ाने और तेज आवाजें सुनाई दीं। जब उसने उठकर देखा, तो मुर्गियों के बाड़े में कोई जंगली जानवर मौजूद था। चौकीदार के शोर मचाने पर आसपास बागों में सो रहे रखवाले भी जाग गए। ग्रामीणों ने टॉर्च की रोशनी डाली, तो दो गुलदार जंगल की ओर भागते दिखाई दिए।

लेकिन तब तक दोनों गुलदार 100 से अधिक मुर्गियों को मार चुके थे। कई मुर्गियों के शव बाड़े के अंदर तथा आसपास खेतों में क्षत-विक्षत हालत में पड़े मिले। घटनास्थल का दृश्य देखकर मुर्गी फार्म स्वामी मौहम्मद रफीक के होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। घटना की सूचना पर कासमपुर गढ़ी चौकी प्रभारी मनवीर सिंह, मुख्य आरक्षी विपिन मान, वन विभाग के बीट इंचार्ज अंकित कुमार चौहान तथा नईम अहमद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है तथा शीघ्र ही क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। ग्राम प्रधान पति वहीदुर्रहमान ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार यह गुलदार पिछले कई दिनों से आबादी क्षेत्र के आसपास दिखाई दे रहा है। घटना स्थल आबादी से बेहद नजदीक होने के कारण ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# ठाकुरद्वारा के पीड़ित परिवार ने धामपुर पहुंच सांसद चंद्रशेखर से लगाई न्याय की गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**धामपुर।** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न के मामले में मंगलवार को सांसद चंद्रशेखर आजाद के ठाकुरद्वारा नहीं पहुंच पाने के बाद आज पीड़ित परिवार स्वयं धामपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचा। यहां परिवार ने पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी सांसद को दी। सांसद ने पीड़ित पक्ष की बात गंभीरता से सुनते हुए उन्हें न्याय दिलाने और भविष्य में किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

गौरतलब है कि मंगलवार को नगीना सांसद व आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पीड़ित परिवार से मिलने ठाकुरद्वारा जाने वाले थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें धामपुर स्थित आवास पर रोकने का प्रयास किया था घंटे की वार्ता के बाद सांसद किसी तरह धामपुर से निकलने में तो कामयाब रहे मगर उन्हें स्योहारा में फिर से रोक दिया गया। इसके बाद सांसद ने समर्थकों सहित कड़ी धूप में जमकर प्रदर्शन किया था। मगर उनकी पीड़ित परिवार से सीधी मुलाकात नहीं हो सकी थी।

आज ठाकुरद्वारा से पीड़ित परिवार धामपुर पहुंचा, जहां सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उनसे मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। परिवार ने कथित मारपीट, उत्पीड़न और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर अपनी पीड़ा साझा की। सांसद ने आश्वासन दिया कि उनके साथ हुए अन्याय को लेकर हर संभव स्तर पर आवाज उठाई जाएगी और उन्हें जल्द न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

सांसद ने यह भी कहा कि भविष्य में पीड़ित परिवार के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन से भी बात की जाएगी। सांसद के आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार के चेहरों पर राहत और उम्मीद दिखाई दी। इस घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं और लोग अब प्रशासनिक कार्रवाई पर भी नजर बनाए हुए हैं।

## एसएचओ व जेई के विरुद्ध मुकदमा कायम

**चांदपुर।** ग्राम खानपुर खादर निवासी रामलाल पुत्र लल्लू सिंह ने चांदपुर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र मे कहा है कि उसका पुत्र कमल कुमार जिसकी आयु लगभग 25 वर्ष और जो कि विद्युत विभाग पीपलसाना थाना चांदपुर में संविदा लाईनमैन के पद पर कार्यरत था। 19 मई को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पीपलसाना चांदपुर बिजली घर पर लाईन पर काम कर रहा था कि तभी बिजली घर से शटडाउन राजवीर सिंह एसएचओ द्वारा दिया गया था तथा अवर अभियंता पदम सिंह द्वारा लाईन पर भेजा गया था। बिजली की लाईन पर कार्य चल रहा था कि तभी लाईन चालू कर दी। जिससे पीड़ित का बेटे कमल की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर एसएचओ राजवीर सिंह व जेई पदम सिंह के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 295/2026 धारा 106(1) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# समाजसेवी बिजनौर के गौरव की उपाधि से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**धामपुर।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप की ओर से आयोजित कौन बनेगा डांस का धुरंधर प्रतियोगिता में नृत्य क्षेत्र की प्रतिभाओं ने धूम मचा दी। प्रतिभागियों की प्रस्तुति को उपस्थित समूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भरपूर प्रोत्साहन एवं सम्मान प्रदान किया।

इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय एवं समर्पित योगदान देने वाले समाजसेवियों को बिजनौर के गौरव की उपाधि से विभूषित कर सम्मानित भी किया गया। जबकि कार्यक्रम के संचालक शुभम वालिया को बेस्ट एंकर अवार्ड के रूप में गौरवशाली सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा मुस्कान डायमंड को बिजनौर प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सब जूनियर वर्ग में विधि सैनी तथा जूनियर वर्ग में मंजरी तथा सीनियर वर्ग में ईशु शर्मा हल्दौर अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहे। नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के दुर्गा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग परिसर में संस्था संरक्षक दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन तथा शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान, विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा विधायक डा. इंद्रदेव सिंह, पश्चिमी उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी सरदार सतवंत सिंह सलूजा, नगराध्यक्ष एवं वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, जिला उपाध्यक्ष सुगम जैन आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र एवं नटराज प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। सभी अतिथियों ने नृत्य प्रशिक्षक के रूप में पिछले 35 वर्षों से भी अधिक समय से रोमियो मयूर द्वारा जनपद के अलावा मुरादाबाद मंडल के अन्य जनपदों के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को प्रभावी नृत्य प्रशिक्षण देकर उन्हें उचित मंच की उपलब्धता दिलाने संबंधी प्रयासों में दिए जा रहे समर्पित एवं निष्ठा पूर्ण योगदान की सराहना की। रोमियो मयूर तथा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी अपनी सक्रिय सहभागिता बनाने का आह्वान किया।

## हाईटेंशन खंभे पर चढ़ा आशिक, निकाह की जिद पर घंटों चला ड्रामा

**स्योहारा।** ग्राम शाफियाबाद में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक के हाईटेंशन बिजली खंभे पर चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। ग्राम शाफियाबाद निवासी समीर पुत्र फुरकान का गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध बताया जा रहा है। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में युवक रेलवे लाइन के पास पहुंचा और वहां लगे हाईटेंशन बिजली खंभे पर चढ़ गया। खंभे पर चढ़कर युवक प्रेमिका से निकाह कराने की मांग करते हुए शोर मचाने लगा। युवक को बिजली खंभे पर देख आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। कुछ लोग युवक को समझाने का प्रयास करते रहे, तो कई लोग घटना का वीडियो बनाते नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित किया और फिर युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए समझाया। कई बार युवक नीचे आने को तैयार हुआ, लेकिन फिर जिद पकड़कर खंभे पर बैठ जाता। घंटों के बाद पुलिस की सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतार लिया गया। नीचे आने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और युवक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। घटना के बाद गांव में देर रात तक खंभे पर चढ़े आशिक की चर्चा होती रही।

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता




**धामपुर।** भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांतों और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

प्राप्त समाचार के धामपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांतों, इतिहास, संगठन की कार्यप्रणाली और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जनपद भर से भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विशचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्रहित की भावना को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत से मजबूत हुआ है। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और कार्यशैली से और अधिक जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में धामपुर विधायक अशोक राणा, उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख, एमएलसी एवं पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त तथा बिजनौर सदर विधायक मौसम चौधरी भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं, विकास कार्यों और स्थायी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्य विस्तार और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई।

एक नजर

## भजनों से बजरंगबली का गुणगान



**धामपुर।** बांस मंडी स्थित संजय अग्रवाल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन 'तेरे जैसा राम भक्त हुआ ना होगा कोई मतवाला, जरा सी बात पर सीना फाड़ दिखा डाला' सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में संजय अग्रवाल, राधा अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, श्रेयांश अग्रवाल, गौरी अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, अमित गुप्ता, मनीष अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मुकुल, लक्ष्य अग्रवाल आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, संदीप भारद्वाज, संजीव भारद्वाज, सुभाष मोदी, नंदकिशोर रस्तोगी, निखिल अरोड़ा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## भारतीय भाषा समर कैंप का समापन



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा समर कैंप 2026 का आयोजन 13 मई से 20 मई तक किया गया। आज कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय भाषाएं हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान की धरोहर हैं। नई भाषाओं का ज्ञान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनके ज्ञान के दायरे को भी विस्तृत करता है। उन्होंने छात्राओं को सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं और संस्कृतियों को जानने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। समर कैंप के दौरान छात्राओं को पंजाबी भाषा का प्रारंभिक ज्ञान प्रदान किया गया। उन्हें पंजाबी वर्णमाला (अक्षर), गिनती तथा सामान्य बोलचाल में प्रयोग होने वाले सरल वाक्य सिखाए गए, जिससे छात्राओं में नई भाषा सीखने के प्रति उत्साह और रुचि विकसित हुई। समापन अवसर पर छात्राओं को नई भाषाओं के महत्व एवं भारतीय भाषाओं की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया गया। इस मौके पर शिक्षिकाएं प्रीती रानी, नीरज, अमृता, ऊषा, प्रभुता, पुष्पा, अंजलि, विनोद आदि उपस्थित रहे और छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ



**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'कला संवर्धन' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 20 मई से 03 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चों को अभिनय, संवाद शैली, मंच संचालन एवं रंगमंच की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला का प्रशिक्षण प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं प्रशिक्षक श्री शुभम पाण्डेय द्वारा प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं। रंगमंच बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की क्षमता, अनुशासन एवं रचनात्मक सोच विकसित करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति से जुड़ना भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने विद्यार्थियों को इस मौके का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय परिवार ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में कई दर्जन की संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

## बच्ची पर कुत्तों के हमले से दहशत



**धामपुर।** नगर के क्षत्रिय नगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना होते-होते टल गई, जब मंदिर दर्शन के लिए जा रही पांच वर्षीय मासूम बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। बच्ची जान बचाने के लिए रोते हुए घर की ओर भागी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाकर बच्ची को सुरक्षित बचाया। बताया जाता है कि क्षत्रिय नगर निवासी वीर सिंह की पांच वर्षीय पुत्री जीविका सुबह शिव मंदिर में दर्शन के लिए जा रही थी। इसी दौरान आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला करने लगे। मौके पर मौजूद सुमित चौहान ने जैसे ही यह दृश्य देखा, वह तुरंत बच्ची की ओर दौड़े और कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मदद नहीं मिलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। मंदिर के पुजारी हर्षवर्धन शर्मा, मास्टर शिशुपाल, पंकज माहेश्वरी, उदयराज सिंह समेत अन्य लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में है।

# धान की बुवाई से पूर्व मिट्टी की जांच अवश्य कराने पर ज़ोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किसान दिवस पर बैठक का आयोजन कर कृषकों को समसामायिक फसलों और मैंथा व गन्ना, मक्का और धान की नर्सरी की अधिक पैदावार तथा इन फसलों में होने वाले कीटरोग नियंत्रण की विस्तार से जानकारी दी गई।

**○ किसान दिवस पर कृषकों को किया गया जागरूक**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कृषि वैज्ञानिक डा. महावीर सिंह किसानों को फसलों के समसामायिक फसलें, आदि की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही गन्ने को मोटा करने और पैदावार बढ़ाने को फसलों की बुवाई व तकनीक की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि धान का सीजन शुरू होने वाला है। उन्होने धान की बुवाई से पूर्व खेत की मिटटी की जांच कराने पर ज़ोर देते हुए कहा कि धान की फसल में लगने वाले खाद को निर्धारित मात्रा से अधिक प्रयोग नहीं करने पर भी बल दिया। इसके अलावा किसानों से धान की फसल की कुछ निश्चित प्रजातियों पर निर्भरता न रहकर बुवाई के लिए अन्य प्रजातियों को अपनाने एवं किसानों को बीज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने पर भी जागरूक किया। बैठक में सहायक निबंधक सहकारिता ने यूरिया, एन पी के, डी ए पी आदि को सभी सहकारी समितियों पर सरकार की ओर से निर्धारित रेट पर उपलब्ध होने की जानकारी दी। साथ ही किसानों से ओवररेटिंग किये जाने का दशा में तत्काल उनसे व सक्षम अधिकारी से शिकायत करने पर ज़ोर दिया। बैठक में फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि की ओर से किसानों को फसल बीमा कराये जाने को जागरूक किया। साथ ही खरीफ सीजन में फसल बीमा कराये जाने को चयनित फसलें धान, उड, बाजरा, मक्का के बीमा प्रीमियम की दरों की भी जानकारी दी। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने किसानों को अपने विभाग की कार्यप्रणाली को समझाया। अधिशासी अभियंता मध्य गंगा नहरने बैठक में मौजूद किसानों को स्वयं के विभाग की परियोजनाओं की जानकारी दी।



सम्भल। किसान दिवस पर गोष्ठी/बैठक में किसानों को जागरूक करते।

# उपजिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री कराने को किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव पँवारी में किसानों की सुविधा के लिए आयोजित शिविर में फार्मर रजिस्ट्री किसानों को पूर्ण कराने को प्रेरित किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में किसान अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे और अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सहायता से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराई। शिविर में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभों की भी जानकारी दी गई।

गुन्नौर उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र ने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। साथ ही किसानों का पूरा डाटा ऑनलाइन सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में किसी भी योजना का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच सकेगा। शिविर में किसानों के आधार कार्ड, खतौनी, मोबाइल नंबर और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों का पंजीकरण तेजी और पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि किसी भी किसान को परेशानी न हो। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और समय से समाधान कराने का भरोसा दिलाया। शिविर से किसानों में संतोष देखने को मिला।

**○किसानों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा**

### आसमान से बरसती आग में सड़के हुई सूनी-सूनी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गर्मी का प्रकोप जन जीवन पर पूरा असर कर रहा हैं। हीटवेब का शिकार से बचने को लोग अधिकतर घरों पर ही व्यतीत करने को मजबूर है। घरों से लोगों के नहीं निकलने से मुख्य मार्ग दूर-दूर तक सूने ही सूने नजर आ रहे हैं। जबकि इसका असर कार्यालयों में भी साफ देखा जा रहा है।

# केमिस्टों की हड़ताल विफल होने पर खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में कहा हड़ताल बेअसर करके दिखाया, ग्रामीण अंचलों में भी नहीं हुआ हड़ताल का असरर, रैली निकालकर अफरा-तफरी फैलाने के दोष में कार्रवाई की भी मांग**

**सम्भल।** मेडिकल एसोसिएशन द्वारा महीनों से चली आ रही बंद की अपील हड़ताल/बंद के फ्लेक्सी बोर्ड, स्टीकर, द्वारा प्रचार प्रसार के साथ-साथ मेडिकल पर जाकर बंद की अपील बेअसर सिद्व होने पर केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

कैमिस्ट एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक में बताया गया कि सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच में सभी मेडिकल एक दूसरे को देखकर खोले गए और हड़ताल को बे असर करके दिखाया। केमिस्ट एसोसिएशन के सत्यवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ से औषधि नियंत्रक विभाग का प्रदेश भर के सभी औषधि आयुक्तों तथा औषधि निरीक्षकों को मेडिकल हड़ताल न होने देने के लिए आया आदेश, मेडिकल एसोसिएशन का सार्वजनिक आहवान तथा सभी केमिस्ट साथियों की समझदारी से मेडिकल की हड़ताल बेअसर साबित हुई है। असमोली से जुड़े राहिल भारतीय ने कहा कि असमोली सहित संपूर्ण ग्रामीण अंचल में कोई भी मेडिकल बंद होता हुआ दिखाई नहीं दिया बल्कि सभी ने समाज की सेवा में बिना भ्रमित हुए अपना कार्य बखूबी किया है। बहजोई से केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंकज आर्य ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सभी आवश्यक कदम उठाए जो सफल सिद्व हुए। सरायतरीन से मोहित गांधी, प्रियरत्न आर्य ने सभी मेडिकल खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी केमिस्ट बंधुओं का आभार व्यक्त किया। केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह कुछ देर से ही सही लेकिन सभी मेडिकल स्वामियों ने मेडिकल खोलकर केमिस्ट एसोसिएशन का साथ दिया है। यह अच्छी और सराहनीय पहल है। ऑनलाइन बैठक में केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने आज 20 मई को केमिस्ट एसोसिएशन की हड़ताल में अप्रभावित करना समाज हित में बढ़ाया हुआ अच्छा कदम बताया। एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी। संगठन के कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज आलम ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं औषधि विभाग के आदेश के खिलाफ कुछ मेडिकल स्वामियों ने मेडिकल जितनी देर भी बंद रखें वह आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन माना जाना चाहिए और सामूहिक रूप से मेडिकल बंद रखना तथा सामूहिक रूप और संगठित रूप से रैली निकालकर नगर में अफरा तफरी फैलाने के दोष में समुचित कार्रवाई की जानी चाहिए। ऑनलाइन बैठक में दुर्वेश सैनी, राहिल भारतीय, मो .नसीम,मनोज गुप्ता, चंद्रभान, रोहित कुमार, जीतपाल सिंह, अजय कुमार शर्मा, अतुल त्यागी, पंकज आर्य, दिलीप नगीना, राजेश गुप्ता आदि अनेक केमिस्ट बंधुओं ने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा नियक्त की गई।

# गन्ना कोल्हू चोरी के आरोपी हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गन्ने का कोल्हू चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि 18 मई 2026 को राधेश्याम पुत्र धनीराम निवासी मौ. लोहिया कालोनी कस्बा व थाना बबराला द्वारा थाना बबराला उसका गन्ने का कोल्हू चोरी करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उ. नि. नवनीत कुमार को सौंपी थी। जबकि मामले के सफल अनावरण को टीम का गठन कर दिया था। टीम ने घटनास्थल के आप पास लगे सीसीटीवी कैमरों से अभियुक्तों का पता लगाने का प्रयास किया। जबकि यक्ष एप की मदद से आवश्यक जानकारी लेकर बुधवार को प्रवेश पुत्र रमेश नि. ग्राम सिंहदलनपुर थाना बबराला व शीलू पुत्र ओमवीर सिंह तोमर नि. ग्राम बहोरनपुरा थाना पटयाली जनपद कासगंज को चैकिंग के दौरान बबराला रजपुरा मार्ग ग्राम बाघऊ की मढैया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने साथियो के साथ मिलकर चोरी करते है चोरी किये सामान को बेच कर हम अपना जीवन यापन करते है। 11मई 2026 को मौ. लोहिया कालोनी कस्बा बबराला से उन्होने व उनके अन्य साथी आमोद पुत्र छोटेलाल नि. ग्राम धनीपुर थाना जुनावई, दुर्वेश उर्फ मुनीश उर्फ करन पुत्र धर्मपाल नि. लोहिया कालोनी बबराला ने मौ. लोहिया कालोनी बबराला के एक मकान के सामने से चोरी करके जंगल के रास्तो से ले जाकर ग्राम धनीपुर मे जंगल मे ले जाकर छिपा दिया था। जिसे बेचने के लिए उसे बाहर की सही समय की फिराक में थे तब तक आमोद थाना जुनावई के मुकदमे मे जेल चला गया था। इस कारण हम लोगो को इसे बेचने मे थोड़ी देरी हो गई। प्रवेश ने बताया कि उसकी ससुराल धनीपुर मे है। उसकी साली की शादी थी। जिसमे शीलू पुत्र ओमवीर सिंह तोमर नि. ग्राम बहोरनपुरा थाना पटयाली जनपद कासगंज आया हुआ था। जिसे हमने बताया कि हमने एक कोल्हू चोरी किया है। जिसे बेचना है तब मै व शीलू पुत्र ओमवीर सिंह तोमर नि. ग्राम बहोरनपुरा थाना पटयाली जनपद कासगंज बेचने के लिए जा रहे थे तो आज आपने हमें पकड लिया तथा बताया कि साहब आमोद व दुर्वेश उर्फ मुनीश संगठित अपराधी है।



बबराला-गन्ना कोल्हू चोरी का खुलासा कर आरोपियों को ले जाती पुलिस।

# नफरत की राजनीति से विपक्षी दलों की पकड़ पड़ती जा रही कमज़ोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के उपाध्यक्ष ने लगाये आरोप**



**सम्भल।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना कौसर हयात खान कहा कि नफरत की राजनीति में मुस्लिम लीग ही नहीं बल्कि सपा, कांग्रेस व बसपा आदि विपक्षी दल भी कमज़ोर हुए हैं।

वह सम्भल आये थे। इस दौरान उनसे की गई वार्ता में उन्होने कहा कि उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि देश में खास तबके के जरिए नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका सीधा असर राजनीतिक माहौल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में लोगों को नफरत का शिकार बनाया गया है और इसी वजह से विपक्षी दलों की पकड़ लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन जिस तरह समाज में माहौल बनाया जा रहा है, उसका मुकाबला असरदार तरीके से नहीं हो पा रहा। मौलाना ने दावा करते हुए कहा कि यही कारण है कि कई बड़ी पार्टियां सत्ता से बाहर हो गई। उन्होने कहा कि उनी पार्टी लगातार संगठनात्मक स्तर पर काम कर रही है और कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए देशभर में दौरे किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथ मजबूती से खड़े रहना भी दोहराया।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही पर डीएम हुए सख्त

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**○राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन निदेशक को पत्र भेजकर फर्म को हटाने की संस्तुति**

**○टीपीआई के सर्वेक्षण में अधिकांश योजनाओं पर कार्य मिला था बंद**

**○पाइप लाइन बिछाने को तोड़ी गयी सड़कों की नहीं की गई मरम्मत**

**○प्रोजेक्ट मेनेजर व साइड इंजीनियर एवं स्टॉफ की समुचित नहीं की गई तैनाती**

**सम्भल।** जल जीवन मिशन फेस-3 के अंतर्गत कार्य कर रही फर्म मै. एन.के.जी.-प्राईमस (जेवी), नई दिल्ली की अत्यंत धीमी प्रगति एवं कार्यों में गंभीर लापरवाही पर डीएम सख्त हो गये। डीएम ने फर्म को टर्मिनेट कराए जाने तथा किसी अन्य सक्षम फर्म से कार्य कराए जाने को अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को संस्तुति पत्र भेजा है।

जनपद सम्भल में जल जीवन मिशन फेस-3 के अंतर्गत कार्य कर रही फर्म मै. एन.के.जी.-प्राईमस (जेवी), नई दिल्ली कार्य कर रही है। उक्त फर्म द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अंतर्गत उच्च जलाशय, पम्प हाउस, पाइपलाइन बिछाने, नलकूप बोरिंग, गृह पेयजल संयोजन एवं जलकर परिसर सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सम्भल द्वारा फर्म को कई बार पत्रों के माध्यम से पाइपलाइन बिछाने हेतु तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत एवं पुर्नस्थापना शीघ्र कराने और कार्यों में तेजी लाने को निर्देशित किया गया, लेकिन फर्म द्वारा लगातार निर्देशों की अनदेखी करती रही। फर्म की ओर से कार्यों को समयबद्व ढंग से पूरा करने को पर्याप्त श्रमिक एवं मशीनरी भी नहीं लगाई गई। साथ ही पम्प ऑपरेटरों का मानदेय भी समय से नहीं दिया गया। जिससे नियमित पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। गृह जल संयोजन कार्यों में भी अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद सम्भल की रैंकिंग प्रभावित हुई है, जिससे विभाग एवं प्रशासन की छवि धूमिल हुई। इसके अलावा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में लीकेज, सड़क मरम्मत एवं पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतें प्रतिदिन मिल रही हैं। जल निगम ग्रामीण एवं टीपीआई के सर्वेक्षण में अधिकांश योजनाओं पर कार्य बंद पाया गया। फर्म द्वारा परियोजना प्रबंधक, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर एवं साइड इंजीनियर जैसे आवश्यक तकनीकी स्टाफ की भी समुचित तैनाती नहीं की गई है। उपलब्ध सीमित स्टाफ द्वारा भी वेतन न मिलने की बात कही गई है। जिलाधिकारी/अधयक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन अंकित खंडेलवाल ने उक्त समस्त परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए जनहित एवं पेयजल योजनाओं के सुचारु संचालन के दृष्टिगत फर्म को हटाने की संस्तुति राज्य स्तर पर प्रेषित की है।

# महंगाई, बेरोज़गारी व किसानों की समस्याओं को सरकार पूरी तरह असंवेदनशील : अमित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर किल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पूरी तरह असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। महंगाई के चलते गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार जनता की परेशानियों की अनदेखी कर रही है। चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने में सरकार असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसान अपनी फसलों का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और व्यापारियों पर आर्थिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। जनता अब सरकार की नीतियों को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। इस दौरान सुमित यादव, शशिकांत, शमीम अहमद, देवेन्द्र सिंह, राजा आदि रहे।

**○ भाजपा सरकार पर लगाए गम्भीर आरोप**

# राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर गोष्ठी आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आधुनिक भारत का वास्तुकार दूरसंचार क्रांति के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी सम्भल द्वारा एक गोष्ठी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बताया कि गोष्ठी का आयोजन प्रात: 11 बजे जिला कार्यालय चन्दौसी रोड पर होगा। उन्होने सभी जिला कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई आदि के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ताओं से शामिल होने का आहवान किया।

# परमात्मा ने हमें स्वतंत्रता दी है परतंत्रता नहीं: श्रीमाली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा के 46 वें दस दिवसीय महोत्सव के चोथे दिन बुद्वग्रह की पूजा अर्चना कर दान सामग्री बुद्वदेव को अर्पण करके यज्ञ योग सत्संग व अठरा देव अठराक्षरी जप साधना वंदना के साथ की गयी।

आधयात्मिक गुरु पं राधोश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित कैम्प कार्यालय पंजू सराय पर डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की सृष्टि मे मानव ही ऐसा प्राणी हैं। जिसे परमात्मा ने बुद्वि के साथ साथ विवेक भी दिया है जिससे हम अच्छा बुरा धर्म और अधर्म को जान समझकर अपनी इच्छानुसार कर्म और धर्म का मार्ग चुन सके और मानव योनि पाने के लक्ष्य को सार्थक कर सके। उन्होंने कहा इससे यह सिद्व हो जाता है कि परमात्मा ने हमे हर क्षेत्र में जीवन जीने के तौर तरीकों का चुनाव करने को स्वतंत्रता प्रदान की है। परतंत्रता नहीं,इसलिए हमे अपनी बुद्वि से अपने द्वारा किये जा रहे कार्यो को समझकर विवेक की कसौटी पर कसकर ही करना चाहिए तभी हमारा यह देव दुर्लभ मानव जीवन सार्थक हो सकता है। इस मौके पर अन्ना सैनी, सूरज पाल यादव, भीकम सरन, राघव सैनी, नितिन सैनी, लक्षमन सिह, आनंद सैनी, आनंद कुमार लाला, भूकन सरन, यशवधन, मनोज श्रीमाली, रुद्रांश श्रीमाली, सूर्याश श्रीमाली, अश्विनी श्रीमाली, कैलाश चन्द्र शर्मा, कष्णा मोहन, जितेन्द्र गुप्ता, लोकेश श्रीमाली, हर्ष वर्धन, तनिष्क श्रीमाली सहित समिति सभी पदाधिकारी व रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी पूजा श्रीमाली आदि मौजूद रहे।



सम्भल- गोरक्षनाथ महातपा में वंदना करते साधक साधिकायें।

## एक नज़र इधर भी

### फसलों की क्षति की उद्यान अधिकारी को दें जानकारी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** विगत दिनों आए तूफान में फसलों की हुई क्षति की सूचना जिला उद्यान अधिकारी को दी जा सकती है। जिसकी अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि विगत दिवसों में आई आंधी/तूफान में बागवानी फसलें आम, अमरुद, केला, पपीता, टमाटर, लौकी, तोरई, फूलगोभी, बैगन, शिमला मिर्च, भिन्डी खीरा आदि में हुई क्षति से संबंधित कृषक अपनी सूचना, प्रार्थना पत्र के साथ कार्यालय, जिला उद्यान अधिकारी में दे सकते हैं। आगामी दो दिवसों में सुबह दस बजे से सासंय पांच बजे तक सूचना मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। उन्होने बताया कि इसके अलावा उनके कार्यालय मझावली बहजोई चंदौसी रोड सम्भल में में देने के साथ सहायक उद्यान निरीक्षक मौ.आमिर मो. न. 9411274455 से सम्पर्क कर या कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी वीनस शुगर मिल्स के सामने मझावली में भी सम्पर्क कर सकते हैं।

### समर कैम्प में दी जाएगी भाषा की जानकारी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गुरूद्वारा श्रीगुरूनानक दरबार की ओर से गुरमत समर कैम्प में बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण दिया जायेगा।

गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी व वीरखालसा सेवाल दल के सहयोग से आयोजित हो रहे समर कैम्प में गुरूक्षरा नानकपरी टांडा से भाई गुरचन्त सिंह अपने साथियों संग बच्चों को पंजाबी बोलना, पंजाबी लिखना और पंजाबी भाषा का ज्ञापन के अलावा गतका अखाड़ा, शारिरिक विकास ज्ञान आदि प्रशिक्षण देंगे। नि:शुल्क दी जाने वाला प्रशिक्षण का उददेश्य बच्चे गर्मियों की छुटटी को सार्थक व उपयोगी नाकर शिक्षा, सेवा सिमरन सीख सकेंगे। इस दौरान गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी और वीर खालसा सेवा दल, सुखमनी महिला सोसायटी के हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, धर्मसिंह,अभीत सिंह, गुरविन्दर सिंह, जसमीत सिंह, गुरदीप सिंह, फतेह सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कुलवीर सिंह, रंजीत सिंह, जसजीव सिंह, कुलदीप सिंह, दौलतराम, प्रताप व सुरेन्द्र सिंह सेवा व सहयोग करेंगे।

### ईदे अदहा पर सफाई व्यवस्था रहे दुरूस्त

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ईद उल अदहा को लेकर पीस कमेटी की बैठक में धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्वजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से संवाद कर आगामी त्यौहार पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आहवान किया। बैठक के अन्तर्गत पीस कमेटी के सदस्यों से त्यौहार को लेकर बिजली, पानी, सड़कों साफ सफाई आदि से संबंधित समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गयी ताकि समय रहते समस्याओं का निस्तारण हो सके। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सकें। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि 28 मई एवं 29 तथा 30 मई को साफ सफाई पर विशेष धयान देना सुनिश्चित करें। साफ सफाई त्यौहार से पूर्व ही करवाना प्रारम्भ करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायतों की टीम सक्रिय रहें। जबकि पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से रहे तथा पानी के टैंकर आदि की वैकल्पिक व्यवस्था भी रहे।

# भीषण गर्मी में शरबत का वितरण कर सूखे गले कराए तर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भयंकर गर्मी राहगरों को शरबत का वितरण कर सूखे गले को तर कराया और ठंडक का अहसास दिलाया।

सपा के जिला सचिव व समाज सेवी सईद अख्तर इसराईली ने भयंकर गर्मी में शरबत की प्याऊ लगाकर राहगीरों को वितरित की। गर्मी में व्याकुल शरबत की प्याऊ देख काफी भीड़ जमा हो गयी। दो पहिया वाहन सवार और पैदल आवागमन कर रहे लोगों ने ठंडा औी मीठे शरबत का सेवन कर सूखे गले को तर किया और राहत की सांस ली। इस दौरान सईद अख्तर इसराइली ने भयंकर गर्मी में घरों से निकलने वालों से छाता लगाकर बाहर निकलने की अपील की। उन्होने शहर के व्यापारियों, उद्योगपति ओर समाज सेवियों से भी जगह-जगह ठंडे पानी की और शरबत की सबीलें लगाकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर बाज़ारों,चौराहों और स्थान-स्थान पर ठंडा पानी व शरबत का वितरण करायें। जबकि पशु-पक्षियों के लिए सड़क किनारे, मकानों की छतों पर दाना-पानी का प्रबंध करने की भी अपील की। इस दौरान अनवर, मौलाना अनस, जुनैद, मौ. कैफ आदि मौजूद रहे।



सम्भल- भयंकर गर्मी में शरबत का वितरण कर सूखे गले तर कराते।

# मेकअप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला के द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में सभी बच्चों को मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ किया गया।

संस्कार भारती के द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम में रेनू पलक कनक आस्था रिया हमीरा महेश्वरी प्रिया खुशी यशिका नंदिनी जीते हुए विजेताओं को संस्कार भारती के सदस्य सोनम निषाद शैली वर्मा एवं संस्कार भारती की लोक कला संयोजक मेरठ प्रांत की ममता राजपूत के द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों को सौंदर्य के बारे में बताया कि सौंदर्य हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हमारी अंतरात्मा को भी सौंदर्य से सज्जोकर जो चमक हमारे चेहरे पर आती है वह हमारे आत्म सच्चाई और सौंदर्य का निखार है।वही सौंदर्य असली सौंदर्य होता है।



बबराला- मेकअप प्रतियोगिता के पुरस्कृत किए गए प्रतिभागी।

# दुल्हन बन हाइवे पर बाइक दौड़ाती युवती की रील वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह में लोग अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। ऐसा ही एक मामला दिल्ली-लखनऊ हाईवे से सामने आया है, जहां दुल्हन की ड्रेस पहनकर बाइक चलाती एक युवती की रील्स सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वायरल वीडियो में युवती अलग-अलग ब्राइडल ड्रेस में हाईवे पर बाइक चलाती दिखाई दे रही है। कभी वह बाइक चलाते समय हैंडल छोड़कर हाथ उठाती नजर आती है तो कभी गानों पर एक्सप्रेशन देते हुए डांस करती दिख रही है।बताया जा रहा है कि युवती ने ये वीडियो अपने फेसबुक पेज 'आईटीजैड तूबा' पर भी पोस्ट किए हैं। फेसबुक पेज पर करीब 1 लाख 93 हजार फॉलोअर्स बताए जा रहे हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवती के आगे एक अन्य युवक दूसरी बाइक पर चल रहा है, जो लगातार उसका वीडियो शूट कर रहा है। हाईवे पर दुल्हन के लिबास में बाइक चलाती



युवती को देखकर राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की नजरें भी उसकी ओर टिक जाती हैं। कई लोग चलते वाहनों से उसकी फोटो और वीडियो बनाते दिखाई दे रहे हैं। रील बनाने के दौरान युवती और उसका साथी ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे स्टंट और लापरवाही हाईवे पर किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते थे। वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोगों ने इसे खतरनाक और गैर जिम्मेदाराना हरकत बताया है।इस मामले में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो का संबंध मुरादाबाद से बताया जा रहा है। फिलहाल जांच कराई जा रही है कि बाइक चला रही महिला का संबंध वास्तव में मुरादाबाद से है या नहीं।

जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मुरादाबाद पुलिस कई रीलबाजों पर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज चुकी है।

# श्रम मंत्री अनिल राजभर ने की मंडलीय समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद शहर स्थित सर्किट हाउस सभागार में माननीय श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंडलीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने श्रमिकों को



योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन कैंपों के आयोजन और योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।मा. मंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर से प्रयासों में कमी के कारण ही श्रमिक लाभ से वंचित हैं। इसके लिए पंजीयन व प्रचार-प्रसार का अभियान निरंतर चलता रहे। प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील व ब्लॉक मुख्यालयों पर होर्डिंग लगाई जाएं। नियमित रूप से हितलाभ वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए और इनमें जन प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाय। उन्होंने सेवायोजन विभाग को अधिक से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन करने के निर्देश दिए ताकि बेरा. जगार नवयुवकों को रोजगार मिल सके। विदेशों में श्रमिकों को रोजगार के अवसरों का लाभ दिलाने के लिए जर्मन, रसियन, जैपनीज, अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा, जिससे श्रमिकों को विदेश में रोजगार मिलने में आसानी हो।

बैठक में उप श्रमायुक्त, मुरादाबाद मंडल के सभी जनपदों के सहायक श्रमायुक्त व श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक निदेशक सेवायोजन, सहायक निदेशक कारखाना, प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जीरो पॉइंट पर ई-रिक्शा चालक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुंदरकी।** नगर के जीरो पॉइंट के पास ई-रिक्शा चालक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान ग्राम चकफाजपुर निवासी अरमान पुत्र जिलानी के रूप में हुई है। बताया गया कि नगर के मोहल्ला तकिया शाह निवासी शहजादे सोमवार देर रात ई-रिक्शा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जीरो पॉइंट के निकट आरोपी युवक ने उन्हें रोक लिया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपी ने चाकू से हमला कर शहजादे को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



### माटीकला शिल्पकारों का होगा निःशुल्क पंजीकरण: जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने समस्त माटीकला शिल्पकारों को बताया कि महाप्रबंधक उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित परम्परागत माटीकला कारीगर आंकड़ा संग्रहण/पंजीकरण कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 अंतर्गत 500 माटीकला कारीगरों का निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा।उन्होंने बताया कि भविष्य में केवल पंजीकृत माटीकला कारीगरों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों, निःशुल्क टूल-किट्स वितरण, वित्तीय ऋण, विपणन विकास सहायता, पुरस्कार आदि विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से ही मिल सकेगा। आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों जैसे पासपोर्ट फोटो, राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति-प्रमाण पत्र एवं ग्राम प्रधान/सभासद से हस्ताक्षर व मुहर युक्त प्रमाण पत्र होना अति आवश्यक है।पंजीकरण के उपरांत क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा प्रपत्र की स्क्रूटनी कर संबंधित शिल्पकार को एक शिल्पकार आई0डी0 भी प्रदान की जायेगी जो माटीकला शिल्पकार की एक पहचान होगी तथा जिससे मिट्टी लाने ले जाने में कोई समस्या न हो।इस योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थी आवेदन कर हार्डकॉपी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट (नचउंजपांसंइवंतक-पद) पर कर सकते हैं। अधिक जानक. ारी के लिए मोबाइल नं0 9580503151 एवं 8191967279 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम0आई0जी0, एम0-6 दीन दयालनगर, मुरादाबाद से भी संपर्क कर सकते हैं।

### जनपद न्यायालय में कैंटीन और फोटो स्टेट दुकान के ठेके की नीलामी होगी आज

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स, ब्यूरो )।** जनपद न्यायालय मुरादाबाद के केंद्रीय नजारत अनुभाग द्वारा कैंटीन और फोटो स्टेट दुकान के ठेके के लिए नीलामी सूचना जारी की गई है। जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद के स्वीकृति आदेश दिनांकित 09-05-2026 के अनुक्रम में जनपद न्यायालय मुरादाबाद में 01 कैंटीन नजारत के सामने पूर्व मुखी तथा 01 फोटो स्टेट दुकान हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिनांक 31.03.2027 तक के लिए ठेके की नीलामी की जाएगी। यह नीलामी दिनांक 21-05-2026 गुरुवार को समय 4:30 बजे जनपद न्यायालय मुरादाबाद के केंद्रीय नजारत अनुभाग में आयोजित होगी।

इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। ठेके का विवरण एवं शर्तों के संबंध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय केंद्रीय नजारत, जनपद न्यायालय मुरादाबाद से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जेएलएम इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** जेएलएम इंटर कॉलेज कुन्दरकी, मुरादाबाद में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय



मुरादाबाद उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को भविष्य में रोजगार एवं उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न अवसरों की जानक. ारी प्रदान करना रहा। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग तथा अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। कैरियर काउंसलर आशीष गौतम ने छात्रों को एकेडमिक एजूकेशन, स्किल मैनेजमेंट और बदलते समय में तकनीकी दक्षता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कैरियर चुनने की सलाह दी। इस अवसर पर शिक्षक तसलीम खान, इदरीस अहमद, फिरोज खान, मोबीन अख्तर, अब्दुल खालिक, मुहम्मद रिजवान सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों का प्रदर्शन, दुकानें बंद कर जताया रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ऑनलाइन दवाओं की बिक्री और कथित अनियंत्रित ई-फार्मेसी व्यवस्था के विरोध में दवा व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर मुरादाबाद केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में शहर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में केमिस्ट और ड्रगिस्ट शामिल हुए।प्रदर्शनकारियों ने अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण की मांग उठाई।कलेक्ट्रेट पहुंचने पर दवा व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसीएम प्रिंस वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बिना पर्याप्त निगरानी और स्पष्ट नियमों के ऑनलाइन दवाओं की बिक्री आम



लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। साथ ही छोटे और मध्यम स्तर के मेडिकल कारोबारियों के सामने भी आजीविका का संकट खड़ा हो रहा है।दवा व्यापारियों का आरोप था कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के भी दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे दवाओं के गलत इस्तेमाल की आशंका बढ़ रही है। उनका कहना था कि इससे मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।दवा व्यापारी राजेश रस्तोगी ने कहा कि सरकार को ई-फार्मेसी व्यवस्था के लिए सख्त और प्रभावी नीति बनानी चाहिए, ताकि आम जनता की सुरक्षा और दवा व्यापारियों के हित दोनों सुरक्षित रह सकें।प्रदर्शन में संगठन के प्रेसिडेंट तनुज कुमार अग्रवाल, सचिव सुशील कुमार, विनय गुप्ता, प्रवीण कुमार मोदी, आलोक सरन कोठीवाल, विनीत कुमार गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुरेश कत्याल, योगेश प्रकाश, शरद रस्तोगी और राजेश रस्तोगी समेत कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# सिविल एयरपोर्ट मुरादाबाद में रक्तदान शिविर आयोजित, उन्नीस लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल एयरपोर्ट मुरादाबाद पर बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेनानायक 04वीं वाहिनी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मथुरा के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक मनजीत सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय मुरादाबाद की ब्लड बैंक टीम के समन्वय से कराया गया।रक्तदान शिविर में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शि. विर में यूपीएसएसएफ के कुल 12 कर्मियों, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के 1 कर्मचारी, सिविल एयरपोर्ट पर तैनात फायर सर्विस के 1 कर्मी तथा थाना मुण्डापाण्डे के 5 पुलिसकर्मियों सहित कुल 19 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।जिला चिकित्सालय मुरादाबाद की ब्लड बैंक टीम ने सभी रक्तदाताओं के उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।शिविर के दौरान रक्तदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई तथा लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक मनजीत सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में मानव सेवा और जागरूकता का संदेश पहुंचे।




# हीट वेव/लू से बचाव को लेकर डीएम ने जारी किए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हीट वेव/लू से बचाव/जन-जागरूकता हेतु दिशा-निर्देश जनहित में जारी किए गए हैं।हीट वेव/लू से बचने के लिए क्या करें: प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान दें, अधिक से अधिक पानी पिएं, प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें।

यदि आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़ों से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं, ओआरएस, घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें। मूर्छा या बीमारी अनुभव करने पर तुरंत चिकित्सीय सलाह लें। जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें तथा उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें। अपने घरों को ठंडा रखें, पर्दे दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठंडा करने हेतु इसे खोल दें।

पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा अधिक गर्मी लगने पर बारंबार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठंडे पीने का पानी रखें/उपलब्ध कराएं। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने/कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि व आवृत्ति को बढ़ाएं।

गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए।हीट वेव/लू से बचने के लिए क्या न करें: बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़ें। दोपहर 12 बजे से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें।

गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो श्रमसाध्य कार्य न करें। अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें, रसोई वाले स्थान को ठंडा करने के लिए दरवाजे तथा खिड़कियां खोल दें।

शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि के उपयोग करने से बचें क्योंकि यह शरीर में निर्जलीकरण करता है।

### डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य विभिन्न मानकों का सत्यापन किया। उन्होंने वेयर हाउस में ईवीएम की सुरक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**मूलवाद संख्या:** 236/2026
**तारीख पेशी:** 27.05.2026
**श्रीमती लक्ष्मी रानी आदि।**
**बनाम उ० प्र० राज्य आदि।**
1. श्रीमती लक्ष्मी रानी, उम्र 57 वर्ष, पत्नी श्री नरेन्द्र प्रताप, 2. यश नरेन्द्र आयु 29 वर्ष पुत्र श्री नरेन्द्र प्रताप समस्त निवासीगण भवन सं0 एल0 आई0जी0 27, रामगंगा विहार, फेस-2 एमडीए कालोनी, कांठ रोड, मुरादाबाद तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
1. उ0प्र0 राज्य द्वारा क्लेक्टर, महोदय, मुरादाबाद कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, मुरादाबाद, 2. जनता आम-विपक्षीगण
हरगाह **वादनीगण** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 27 माह 05 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 20 के माह अप्रैल सन् 2026 को जारी किया है।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2024 को मेरा बैग हिमगिरी कालोनी में कहीं गिर गया था जिसमें मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जारी आवंटन पत्र भी था जोकि मेरे मकान नम्बर सी-177 हिमगिरी मुरादाबाद का था वह कहीं खो गया है। जिसकी शिकायत दिनांक 16.03. 2024 को थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद में भी दर्ज है जिस किसी को मेरे कागजों का बैग मिले मुझे वापस कर दें। **श्रीमति सीमा त्यागी पत्नी विवेक त्यागी निवासी 97ए हिमगिरी कालोनी, मुरादाबाद।**

# बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों का डारनी बिजली घर पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में डारनी स्थित बिजलीघर पर ग्रामीणों ने दिन व रात में बार-बार बिजली कटौती को लेकर रोष जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन में पूरे दिन बार-बार सटडाउन लेकर लाइन सही करने का बहाना बनाकर बिजली काट दी जाती है तथा रात को ऊपर चन्दौसी से बिजली कटौती बताकर लाइन काट दी जाती है। बुधवार को ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और बुधवार को छाबड़ा , डारनी, कुढफतेहगढ, खबरिया, भगतपुर आदि गांवों से किसान बिजली घर पहुंचे और बिजली कटौती को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में पंकज कुमार उर्फ अंकित कुमार, सुमित कुमार सिंह, बंटी गोस्वामी, बीरेंद्र सिंह, आकाश, अजय, दुर्जन सिंह, वीरपाल, ध्यान सिंह आदि लोग प्रदर्शन में शामिल रहे। कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में डारनी बिजली घर से कृषि पोषक लाइन दुरुस्त नहीं होने से खनुपुरा, रीठ, मुम. रेजपुर की ओर सभी निजी नलकूप बंद पड़े हैं जिससे किसानों के खेतो में खड़ी मैंथा, मक्का, गन्ना व हरे चारे की फसलें सूखने लगी हैं। अवर अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि रात में चन्दौसी से ही बिजली कटौती होती है। आंधी में क्षतिग्रस्त हुई कृषि पोषक लाइन पर अभी भी लगातार मरम्मत कार्य जारी है। जल्दी ही कृषि पोषक लाइन दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



# मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक: हादसों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह एवं डीआईजी श्री मुनिराज जी की उपस्थिति में वर्ष 2026 की प्रथम मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में आयोजित हुई।बैठक में मंडलायुक्त ने मंडल के सभी जनपदों में मानक के अनुसार निर्धारित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठकें आयोजित कराने के निर्देश दिए। सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने को कहा। बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाए दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ सख्त चालान के निर्देश दिए।सभी ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही, मार्किंग, रोड साइनेज, स्पीड टेबल पर मार्किंग कराने को कहा। सोलेशियम स्कीम के तहत आर्थिक सहायता के अवशेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित कराने को कहा।ओवरस्पीड डंपरों और ट्रैक्टरों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिए। ओवरस्पीड वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। दोपहिया वाहन चालक ओवरस्पीड करे तो उसे दिन भर थाने में बैठाने के निर्देश दिए। सभी ब्लैक स्पॉट्स पर साइनेज, रिफ्लेक्टर, रंबल स्ट्रिप, ब्लिंकर लगाने और लाइटिंग की व्यवस्था अतिशीघ्र करने को कहा।मंडलायुक्त ने जनपद बिजनौर एवं संभल में दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या बढ़ने पर विशेष रूप से प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। स्कूल के समय बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस के दोपहिया चालकों के खिलाफ और रोडवेज बसों के बस अड्डे से बाहर सवारियां उतारने-चढ़ाने पर चालान की कार्यवाही के निर्देश दिए।बिना सीट बेल्ट/हेलमेट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग आदि में प्रभावी प्रवर्तन के निर्देश दिए। अनधिकृत/अवैध ई-रिक्शाओं पर अंकुश के लिए सभी जनपदों में थानेवार अभियान चलाने और ई-रिक्शा/ई-ऑटो को हाईवे पर संचालन न होने देने के निर्देश दिए। दुर्घटनाओं में घायल व मृत व्यक्तियों के परि. जनों को विभिन्न स्कीमों के तहत मिलने वाली सहायता राशि के बारे में जागरूक करने हेतु अस्पतालों व थानों में होर्डिंग लगाने को कहा।बैठक में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पंकज वर्मा, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज, आरएम मुरादाबाद अनुराग यादव, सीओ ट्रैफिक राजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# रील बनाने निकले दो युवकों की जेतबाड़ा नदी में डूबकर मौत

## कुंदरकी के लाइनपार इलाके में पसरा मातम, एक युवक था तीन बहनों का इकलौता भाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव जेतबाड़ा स्थित गागन नदी में बुधवार दोपहर दर्दनाक हादसे में दो युवकों की डूबकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ नदी किनारे रील बना रहे थे और इसी दौरान एक युवक नहाने के लिए नदी में कूद गया। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार नगर के लाइनपार निवासी शमी पुत्र लईक और शोएब पुत्र रिजवान अपने चार अन्य दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से गागन नदी पहुंचे थे। इसी दौरान शमी नहाने के लिए नदी में उतर गया लेकिन कुछ ही देर में वह गहरे पानी और तेज बहाव में फंस गया। उसे डूबता देख शोएब उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा मगर वह भी पानी में समा गया। दोनों दोस्तों को डूबता देख साथ आए युवकों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों को बाहर निक.ाला गया। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। देर शाम तक दोनों युवकों के घरों पर लोगों की भीड़ जुटी रही। लाइनपार इलाके में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।








## गायत्री परिवार ठाकुरद्वारा द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के लिए विशाल अन्न संग्रह अभियान सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गायत्री परिवार ठाकुरद्वारा द्वारा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज स्थित माता भगवती भोजनालय के लिए विशाल अन्न संग्रह अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत तहसील ठाकुरद्वारा एवं डिलारी क्षेत्र के विभिन्न गांवों से श्रद्धापूर्वक अन्न एकत्रित कर मानव सेवा एवं जनकल्याण का संदेश दिया गया। गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार एक जाग्रत तीर्थ है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु परिजनों को भोजन-प्रसाद वितरित किया जाता है। इसी पुनीत उद्देश्य की पूर्ति हेतु सक्रिय परिजनों द्वारा व्यापक स्तर पर अन्न संग्रह किया गया। अभियान के तहत सुर.जननगर, रामपुर घोंघर, दुल्हापुर, बढ़ापुर, पायंदापुर, शरीफनगर, राजुपुर कला, भायपुर, करनावाला, गांवड़ी, करनावाला जब्दी, दारापुर, मंदारपुर, भगियावाला, रतूपुरा, लालावाला, खाईखेड़ा, नहरवाला, सरकड़ा परमपुर माफी तथा रानीनांगल सहित अनेक गांवों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। अन्न संग्रह के लिए सुरजन.नगर, शरीफनगर, दारापुर, रतूपुरा, रानीनांगल एवं पायंदापुर में विशेष केंद्र बनाए गए, जहां से शांतिकुंज हरिद्वार से आए अन्न संग्रह वाहन के चालक वेद प्रकाश द्वारा अन्न प्राप्त किया गया। वहीं डिलारी क्षेत्र के तगाला एवं चांदखेड़ी गांवों से भी गेहूं संग्रह कर तगाला-चांदखेड़ी केंद्र पर जमा कराया गया। गायत्री परिवार के अनुसार तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र से लगभग 32 क्विंटल से अधिक अन्न एकत्रित किया गया, जबकि डिलारी क्षेत्र से करीब 28 क्विंटल गेहूं संग्रहित हुआ। इस प्रकार अभियान के माध्यम से बड़ी मात्रा में अन्न शांतिकुंज हरिद्वार भेजा गया। अभियान को सफल बनाने में विजय पाल सिंह, बिपेंद्र सिंह, भू प्रकाश, कृष्णानंद, राजकुमार प्रधान, महेंद्र सिंह, मोहित कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. विजय पाल सिंह, धर्मपाल सिंह, वैद्य हरिओम सिंह, रेखा देवी, आशा चौहान, लक्ष्मी, मुन्नी देवी, ससीवाला, निर्मला एवं आशीष कुमार शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## रजिस्ट्री ऑफिस की समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने की तालाबंदी, हड़ताल का आह्वान



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के आह्वान पर आज अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री ऑफिस में व्याप्त समस्याओं एवं अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल को सफल बनाने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय पर तालाबंदी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार और लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई। तालाबंदी के चलते रजिस्ट्री कार्यालय में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। इस मौके पर अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता, संयुक्त सचिव आवरण अग्रवाल, जे.पी. सिंह, कार्यकारिणी सदस्य एस.के. गौतम, पुष्प यादव, मुकेश वर्मा, विपिन कुमार प्रजापति, शमीम सैफी, नासिर अली, लईक अहमद,मौ. सालिम, शशिकांत गौतम उर्फ बंटी, आफताब पाशा, अनुज शर्मा, आदीश कुमार जैन, अभिनव भट्ट, सचिन कुमार, पंकज शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में दुकानदारों ने राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी, लोगों को मिली राहत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जनजीवन बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते सड़क पर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे मौसम में नगर के व्यापारियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था कर सराहनीय कार्य किया। नगर के मुख्य बाजार में राह चलते लोगों, रिक्शा चालकों, मजदूरों, वाहन चालकों और अन्य जरूरतमंदों को ठंडा पानी पिलाया गया। गर्मी से परेशान लोगों ने रुककर पानी पिया और राहत महसूस की। कई स्थानों पर राहगीरों की भीड़ भी देखने को मिली। लोगों ने दुकानदारों की इस सेवा भावना की जमकर सराहना की। इस दौरान शारुख अंसारी ने बताया कि लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक और दूर-दराज से आने वाले लोगों को होती है। ऐसे में यदि सभी लोग अपने स्तर से पानी की व्यवस्था करें तो जरूरतमंदों को काफी राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और गर्मी के दिनों में प्यासे लोगों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। इस दौरान मौजूद अन्य व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में इस तरह के सामाजिक कार्यों से भाईचारे और इंसानियत का संदेश फैलता है। ठंडा पानी पीने के बाद राहगीरों ने दुकानदारों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस भीषण गर्मी में इस तरह की व्यवस्था लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। इस दौरान अजीम , मोनू, शादाब, फैजान,जैद सहित अन्य मौजूद रहे।

# तनाव प्रबंधन के लिए बौद्धिकता के संग भावनात्मकता भी जरूरी: एक्सपर्ट प्रेम सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जेके ऑर्गनाइजेशन के प्रेसिडेंट- ग्रुप सीएचआरओ श्री प्रेम सिंह ने कहा, आज के युवाओं के लिए तकनीकी दक्षता के साथ नेतृत्व, नैतिकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मशीनों के पास डेटा हो सकता है, लेकिन उनके पास नैतिकता और सहानुभूति नहीं होती। नेतृत्व का अर्थ केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी लेना और टीम को साथ लेकर चलना है। युवाओं को कॉलेज के दिनों से ही टीम वर्क और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा, तनाव प्रबंधन के लिए आईक्यू से ज्यादा ईक्यू जरूरी है। जो युवा दूसरों की भावनाओं को समझकर प्रतिक्रिया देते हैं, वे संकट के समय बेहतर प्रदर्शन करते हैं। कॉरपोरेट जगत में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा, सफलता अगर गलत रास्तों से मिले तो वह स्थायी नहीं होती। श्री सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से ट्रांसफॉर्मिंग लर्निंग, लीडरशिप एंड डवलपमेंट इन अ रैपिडली चेंजिंग वर्ल्ड पर दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। भारतीय सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट-आईएसटीडी के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में भारत, अमेरिका और यूएई सहित विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं औद्योगिक संस्थानों से शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, शोधार्थियों और स्टुडेंट्स शामिल रहे। बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर एवम् आईएसटीडी के नेशनल प्रेसिडेंट श्री अतुल शाह ने प्रशिक्षण एवम् विकास को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा, सतत अधिगम ही पेशेवर उत्कृष्टता की कुंजी है। सेकेंड गेस्ट ऑफ ऑनर आईआईएम अहमदाबाद के एल्युम्नस एवम् नयन पारिख एंड कंसल्टेंट्स के श्री नयन पारिख ने कहा, नेतृत्व का वास्तविक अर्थ दूसरों को उनकी क्षमता पहचानने और उसे साकार करने के लिए प्रेरित करना है। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, भविष्य उन्हीं संस्थानों का उज्जवल है, जो शिक्षा को उद्योग, शोध और सामाजिक उत्तरदायित्व से प्रभावी रूप से जोड़ते हैं। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, उच्च शिक्षा संस्थानों को बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों में सतत सुधार करना होगा। सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करना भी है। कॉन्फ्रेंस के चार तकनीकी सत्रों में टेक्नोलॉजी, इन्नोवेशन एंड रिसर्च, स्किल्स डवलपमेंट एंड एम्प्लॉयबिलिटी, ग्लोबल पर्सपेक्टिव्स एंड कोलैबोरेशन, लीडरशिप इन अ डिसरप्टिव एरा, लर्निंग एंड पेडागॉजिकल ट्रांसफॉर्मेशन और सस्टेनेबिलिटी एंड सोशल इम्पैक्ट जैसे समकालीन विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही देश-विदेश से प्राप्त शोध-पत्रों की प्रस्तुतियों ने अनुसंधान निष्कर्ष साझा करने, अकादमिक विमर्श को आगे बढ़ाने और वैश्विक विशेषज्ञों से सार्थक प्रतिपुष्टि प्राप्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। कॉन्फ्रेंस में एसएनजीएपी सिएम कॉलेज-मेघालय, इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट एंड फायर साइंस- चंडीगढ़, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी- ग्रेटर नोएडा, एडोब सिस्टम्स इंडिया प्रा.लि., आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी- देहरादून, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी- पुणे आदि के करीब 500 प्रतिभागी शामिल रहे। अंत में सीटीएलडी के उपनिदेशक एवं कन्वीनर डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। कॉन्फ्रेंस में सह-कन्वीनर एवम् मास्टर ट्रेनर श्री ऋतु राजन के संग-संग सीटीएलडी के सभी ट्रेनर्स मौजूद रहे। संच.ालन सुश्री निधि गुप्ता ने किया।




## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ठाकुरद्वारा के विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ पवन कुमार पुष्पद, चेयरमैन प्रत्याशी नगर पालिका ठाकुरद्वारा भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने ठाकुरद्वारा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने विशेष रूप से ठाकुरद्वारा रोडवेज बस स्टैंड, ठाकुरद्वारा - सुरजननगर मार्ग सहित अन्य सड़कों की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों को शीघ्र कराए जाने की मांग की। इसके अलावा ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने ठाकुरद्वारा में प्रस्तावित मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का ठाकुरद्वारा आगमन क्षेत्र की जनता के लिए प्रेरणादायक होगा और इससे विकास को नई दिशा मिलेगी। इस पर मुख्यमंत्री ने ठाकुरद्वारा आने का आश्वासन दिया है । इसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र के विकास संबंधी प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया।



## बकरा ईद से पहले मुरादाबाद के पशु बाजारों में बढ़ी रौनक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में बकरा ईद को लेकर पशु बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। 28 मई को मनाए जाने वाले त्योहार से पहले ताजपुर समेत शहर और आसपास के कई पशु बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग कुर्बानी के लिए बकरों और अन्य पशुओं की खरीदारी में जुटे हैं। बाजारों में सुबह से देर शाम तक चहल-पहल बनी हुई है और व्यापारियों के चेहरे पर भी अच्छी बिक्री की उम्मीद साफ नजर आ रही है।इस बार पशुओं की कीमतों में पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। व्यापारियों के अनुसार चारे, परिवहन और पशुओं की देखभाल पर बढ़े खर्च का असर कीमतों पर पड़ा है। पिछले साल जो बकरा करीब 15 हजार रुपये में मिल जाता था, उसकी कीमत अब 20 से 25 हजार रुपये तक पहुंच गई है। बड़े और अच्छी नस्ल के बकरों के दाम इससे भी अधिक बताए जा रहे हैं। महंगाई के बावजूद लोगों में त्योहार को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है और खरीदार अपनी क्षमता के अनुसार पशु खरीद रहे हैं।

वहीं प्रशासन ने बकरा ईद को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस प्रशासन ने बाजारों और संवे.दनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकारियों द्वारा बाजारों में निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ लोगों से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई है।

# लखनऊ में हुई वकीलों के साथ घटना के विरोध में दोनों बारों के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चौम्बर तोड़े जाने और विरोध कर रहे वकीलों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर अधिवक्ता समाज में भारी नाराजगी है। इसी को लेकर ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भेजा गया, जिसमें दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई सहित कई मांगें उठाई गईं। अधिवक्ताओं का कहना है कि बिना उचित प्रक्रिया अपनाए वकीलों के चौम्बर पर बुलडोजर चलाना और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस बल प्रयोग करना बेहद दुखद और गलत है। इस घटना से पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष फैल गया है। बार एसोसिएशन ने मांग की कि मामले में शामिल जिम्मेदार प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि आए दिन वकीलों के साथ मारपीट, धमकी और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे अधिवक्ता खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द "अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम" लागू करना चाहिए ताकि वकीलों को सुरक्षा मिल सके। बार एसोसिएशन ने लाठीचार्ज में घायल हुए अधिवक्ताओं को बेहतर इलाज और आर्थिक सहायता देने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि प्रत्येक घायल अधिवक्ता को दस लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और उनके उपचार की पूरी व्यवस्था सरकार की ओर से कराई जाए। इसके अलावा जिन अधिवक्ताओं के चौम्बर तोड़े गए हैं, उनके लिए नई जगह उपलब्ध कराने और सरकारी स्तर पर नए चौम्बर बनवाने की भी मांग की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि वकील न्याय व्यवस्था का अहम हिस्सा हैं और उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।ज्ञापन देने में इस दौरान सतीश कुमार चौहान ,योगेन्द्र सिंह चौहान ,शाहिद अली,शैलेन्द्र सिंह चौहान ,स्वतन्त्र बाबू ,देवेन्द्र कुमार चौहान ,सुनील कुमार शर्मा, कासिम फरीदी ,श्योराज सिंह ,मुजाहिद अली ,सलीम अहमद अभिषेक चौधरी सौरभ गहलौत, महेन्द्र कुमार चौहान ,ओम लोकेश कुमार ,देवराज सिंह चौहान,अहसान हुसैन, वाहिद हुसैन, रिजवान सैफी ,राजेन्द्र सिंह,सफदर अली, उमेश कुमार गुप्ता, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



## बिजली लाइन में लगी आग, तिलपार तक पहुंची चिंगारी, लोगों ने उठाई लाइन बदलवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला नई बस्ती में बुधवार को अचानक बिजली लाइन में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। बताया गया कि आग की चिंगा.रियां पास में रखे तिलपार तक पहुंच गईं, जिससे उसमें भी आग लग गई। मौके पर मौजूद वार्डवासियों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और किसी तरह आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि बिजली की लाइन काफी समय से जर्जर हालत में है और कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि तारों में आए दिन स्पार्किंग और फाल्ट की समस्या बनी रहती है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के घरों तक आग पहुंच सकती थी। घटना के बाद काफी देर तक क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। वहीं यूट्यूबर फुजैल अंसारी ने वीडियो सोशल मीडिया पर डाल कर बताया कि वार्ड नंबर 4 नई बस्ती के पीछे बड़ी बिजली लाइनों में आए दिन आग लग रही है। लाइन काफी नीचे झूल रही है और बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर आकर केवल तार जोड़कर चले जाते हैं, जबकि पूरी लाइन बदलने की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द नई लाइन डलवाने की मांग की है।

## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की तैयारी तेज

**ठाकुरद्वारा।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष जेहरा बी ने ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. आरिफ और मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश को विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट उपलब्ध कराई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर बूथ अध्यक्ष नियुक्त करने और संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद ने विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर लेदघ में बूथ संख्या 112, 113 और 115 पर बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने वोट की जांच अवश्य करें और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में मजबूती के साथ दावेदारी पेश की जाएगी और फिलहाल पार्टी का लक्ष्य हर बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर के निर्देशन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संगठन को सशक्त किया जा रहा है। साथ ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता लगातार मेहनत कर रहे हैं। इस अवसर पर नाजिम, अरविंद कुमार, वेदप्रकाश, मोहम्मद अली, कय्यूम, रऊफ, इरफान समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## ईद-उल-जुहा को लेकर थाना कटघर में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**मुरादाबाद।** एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देशन में बुधवार को थाना कटघर परिसर में आगामी ईद-उल-जुहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी कटघर ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों और पीस कमेटी के सदस्यों के साथ त्योहार को लेकर विस्तृत चर्चा की।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

**पत्रांकः**-94/न0पा0प0ठा0/2026-27 **दिनांकः**-20.05.2026

### प्रीमियम नीलामी स्थगन एवं पुनर्निर्धारण सूचना

समस्त प्रीमियम नीलामी में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत अभ्यर्थियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम ठाकुरद्वारा स्थित गाटा सं०-74 में निर्मित कुल 25 दुकानों (सरकारी अस्पताल के निकट) की प्रीमियम नीलामी, जो पूर्व प्रकाशित नीलामी सूचना के क्रम में दिनांक 21.05.2026 को आयोजित होना प्रस्तावित थी, उसे अपरिहार्य/प्रशासनिक कारण से स्थगित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रीमियम नीलामी में प्रतिभाग हेतु निर्धारित अवधि तक कुल 33 अभ्यर्थियों द्वारा विधिवत पंजीकरण कराया गया है। अतएव, उक्त प्रीमियम नीलामी की कार्यवाही हेतु पुनर्निर्धारित तिथि 23.07.2026 निश्चित की जाती है, जिसका आयोजन अपराह्न 11:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, ठाकुरद्वारा में सम्पन्न कराया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 15.05.2026 तक पंजीकरण करा चुके अभ्यर्थियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को प्रीमियम नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी तथा नवीन पंजीकरण नहीं किए जाएंगे।

पूर्व में निर्गत प्रीमियम नीलामी सूचना की अन्य समस्त शर्ते, नियम एवं प्रावधान यथावत प्रभावी रहेंगे तथा उनका अनुपालन अनिवार्य होगा। यह सूचना जनहित एव आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्गत की जाती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/पंचायत नेशनल अवार्ड/ग्राम निधि/मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2024-25 दिनांक: 20.05.2026

अवार्ड ग्राम पंचायत की/पुरस्कार हेतु **अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष में पंचायत नेशनल अवार्ड/ पंचम राज्य वित्त- मनरेगा/ पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 28.05.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.05.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्त्येष्टि स्थल के परिसर में मिट्टी/ सीसी टाईल्स कार्य। | - | 295494/- | 2% | 300/- | 3 माह |
| 2 | कायाकल्प के अन्तर्गत आरोग्य मंदिर की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | - | 181329/- | 2% | 300/- | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत में बाजार हॉट निर्माण कार्य हेतु टीन शैड का निर्माण। | - | 748002/- | 2% | 300/- | 3 माह |
| 4 | अन्त्येष्टि स्थल की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | - | 165181/- | 2% | 300/- | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत के पंचायत भवन की छत मरम्मत कार्य। | - | 59994/- | 2% | 300/- | 3 माह |
| 6 | मनरेगा पार्क में बच्चों के खेलने हेतु झूले व खेल सामग्री खरीद कार्य। | - | 50000/- | 2% | 300/- | 3 माह |

**शर्ते-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## आईएफटीएम में 'एथिकल चैलेंजेस इन रिसर्च' विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में "एथिकल चौलेंजेस इन रिसर्च" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार इंजीनियरिंग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता व आईएफटीएम विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपेंट के डीन डॉ. सुशील कुमार ने अनुसंधान के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों जैसे डेटा गोपनीयता, साहित्यिक चोरी, डेटा में हेर फेर, गलत प्रकाशन एवं प्रतिभागियों से सही और पारदर्शी तरीके से कंसेंट लेना आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला, ताकि वे आने वाले जोखिमों को समझ सकें। डॉ. कुमार ने बताया कि डिजिटल अनुसंधान के युग में डेटा गोपनीयता और उसकी सुरक्षा, प्रतिभागियों की जानकारी को गोपनीय रखना तथा डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है।

शाह टाइम्स

खेल-टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार, 21 मई 2026 

# हम लॉर्ड्स में अपना पहला विश्वकप जीतना चाहते हैं: जेमिमा रोड्रिग्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि हम लॉर्ड्स में होने वाला आगामी टी-20 विश्वकप 2026 का फाइनल जीतना चाहते है। यह पुरु विश्वकप में भारत की पहली जीत की यादों के झरोखे के बाद एक सुखद अनुभूति होगी।

लॉर्ड्स में 1983 के विश्वकप जीतने की यादें आज भी हर भारतीय के दिमाग में कौंधती है। इसी को लेकर रोड्रिग्स ने आईसीसी से कहा, कपिल देव और भारतीय पुरु टीम ने वहां अपना पहला विश्व कप जीता था। हम वहां अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप जीतना चाहेंगे। यह बहुत बढ़िया होगा। भी ज्यादा



समय नहीं हुआ जब रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमी-फाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए 134 गेंदों पर नाबाद 127 रन की अपनी जिदगी की सबसे यादगार पारी खेली थी। इस जीत के बाद भारत ने नवी मुंबई में एक शानदार रात में अपना पहला टाइटल जीता। रोड्रिग्स का मानना है कि इस जीत ने भारतीय टीम में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना सर्वश्रैठ देने का पक्का इरादा भर दिया है। भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा चेज किया। उन्होंने कहा, अब सब ठीक हो गया है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह दबाव है। मुझे लगता है कि यह ज्यादा मोटिवेशन है क्योंकि अब आपने महसूस कर लिया है कि एक वर्ल्ड कप उठाने का क्या एहसास होता है। इससे आप एक और वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं, फिर एक और, फिर एक और। तो मुझे लगता है कि टीम और भी ज्यादा मोटिवेटेड और ज्यादा उत्सुक है। और इससे भी ज्यादा, हमने देखा कि भारत में महिला क्रिकेट पर इसका कैसा असर पड़ा। हम बस उस लेगेसी को इंग्लैंड ले जाना चाहते हैं।मुझे लगता है कि इस टीम में कैरेक्टर है। जब आप बड़े गेम जीतना चाहते हैं,

तो आपको कैरेक्टर वाले लोगों की जरूरत होती है, ऐसे लोग जो अपने तरीके से अलग हों, लेकिन उनमें एक बात होती है कि वे मैच जीतने के लिए कुछ भी करेंगे। इस तरह का एटीट्यूड। और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा कैरेक्टर है। और इसीलिए किसी भी सिचुएशन में, मुझे विश्वास है कि हमारी टीम मैच जीतने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले, मेरे लिए सबसे बड़ी सीख यह थी कि मैं बहुत एंग्जायटी से गुजर रही थी, अच्छा नहीं कर रही थी, टूर्नामेंट में दो बार डक पर आउट हुई, ड्रॉप हो गई और चार साल पहले, मुझे क्रिकेट वर्ल्ड कप से ड्रॉप कर दिया गया। यह मेरा पहला वर्ल्ड कप था। मुझे एहसास हुआ कि कभी-कभी आपको बस इतना करना होता है कि आप आगे बढ़ें क्योंकि जदिगी में सब कुछ अच्छे के लिए ही होता है। मुझे लगता है, उन चार सालों ने मुझे ऐसे पल के लिए ट्रेनिग दी, क्योंकि मुझे उन सभी सालों की नाकामियों से मिले उस सारे अनुभव का इस्तेमाल करना था, जो शायद ऐसे समय के लिए था। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बड़ी सीख थी, कि कभी-कभी, खासकर जब यह मुश्किल हो जाता है।

## 25 वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए जोकोविच रौलां गैरो पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रौलां गैरो के लिए पेरिस पहुंच गए हैं और इस सीजन के दूसरे बड़े टूर्नामेंट में अपनी 22वीं बार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। 38 वींय खिलाड़ी ने मंगलवार को कोर्ट र्फिलप-चैट्रियर पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अभ्यास किया। सर्बियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भी चर्चा का मुख्य केंद्र बने हुए हैं,

क्योंकि वे रिकॉर्ड 25वां बड़ा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जोकोविच, जिन्होंने हाल ही में रोम में मुकाबला किया था, इस क्ले कोर्ट सीजन में दूसरी बार खेलेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में रोम में फिर से एक्शन में लौटे थे, मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर से चौथे दौर में हारने के बाद से उन्होंने कोई मुकाबला नहीं खेला था। फोरो इटालिको में, जो. कोविच दूसरे दौर में डिनो प्रिजमिक से हार गए थे। लेकिन 101 बार टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाले खिलाड़ी का ध्यान अब रौलां गैरो पर है, एक ऐसा टूर्नामेंट जहां उन्होंने अपने पूरे करियर में काफी सफलता हासिल की है। सर्बियाई खिलाड़ी तीन बार के चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, जोकोविच क्ले-कोर्ट के इस बड़े टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और 'टेरे बैट्यू' (क्ले कोर्ट) पर 101 जीत दर्ज की हैं। पिछले साल, जानिक सिनर से हारने के बाद सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया था। जोकोविच इस साल के टूर्नामेंट में 7-3 के रिकॉर्ड के साथ उतर रहे हैं।

### खेल विशेष

#### आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**डबलिन, वार्ता।** आयरलैंड ने इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व. कप के लिए अपनी टीम की घोाणा कर दी है। गैबी लुईस कमान की कप्तानी वाली 15 सदस्यों वाली इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें इस बड़े टूर्नामेंट के लिए पहली बार बुलाया गया है, जिनमें एवा कैनिग, क्रिस्टीना कूल्टर रेली, अलाना डेलजेल, एमी मैगुइरे और लारा मैकब्राइड शामिल हैं। यह गैबी का पहला टी-20 विश्वकप है। लुईस आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालिफायर में सात मैचों में 276 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। टीम में लीह पॉल, एमी हंटर और ओर्ला प्रेंडरगैस्ट जैसी खिलाड़ी भी शामिल है।

#### भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराया

**भोपाल, वार्ता।** भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। आज यहां उ(व दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई केंद्र में खेले गए मुक. ाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही ऑरोरा कोवासेविच ने (आठवें) मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली, जिससे मेहमान टीम आगे हो गई। हालांकि, भारतीय टीम ने तुरंत जवाब दिया और कपतान स्वीटी कुजूर ने (13वें) मिनट में क्वार्टर खत्म होने से पहले बराबरी का गोल कर दिया। घरेलू टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय जारी रखी और दीया (25वें) मिनट में गोल से बढ़त बना ली, जिससे भारत हाफटाइम तक 2-1 से आगे हो गया। भारत ने दूसरे हाफ में कंट्रोल बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज ने (44वें) मिनट गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा ली।

#### डब्ल्यूटीसी तालिका में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ा

**सिलहट, वार्ता।** सिलहट में दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान पर 78 रनों की शानदार जीत के बाद, बंगलादेश आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में भारत से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इस एशियाई टीम ने टेस्ट के आखिरी दिन सुबह के सत्र में ही सीरीज पर कब्जा करने वाली यह जीत पक्की कर ली( उनके गेंदबाजों ने पाकिस्तान के आखिरी तीन विकेट लेकर सीरीज का स्कोर 2-0 सुनिश्चित किया। आईसीसी के अनुसार, इस जीत के साथ बंगलादेश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में 58-33 प्रतिशत के जीत-हार प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, और उसने भारत को पीछे छोड़ दिया है, जो अब छठे स्थान पर खिसक गया है। इस हार के बाद पाकिस्तान स्टैंडिग में आठवें स्थान पर ही बना हुआ है।

# सूर्यवंशी की नजरें अब क्रिस गेल के छक्कों के रिकॉर्ड पर

**जयपुर, वार्ता, वार्ता।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अब तक 53 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी भी टी -20 टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा हैं। सबसे ज्यादा 59 छक्के क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में लगाए थे। सूर्यवंशी की नजरें अब गेल के रिकॉर्ड पर होंगी।

सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को 10 छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। सूर्यवंशी ने तीन बार आईपीएल की एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। वह अब सिर्फ गेल से पीछे हैं, जिन्होंने ऐसा चार बार किया था। सूर्यवंशी ने 2026 में दो बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। आईपीएल के एक सीजन में एक से अधिक बार ऐसा करने वाले एकमात्र दूसरे बल्लेबाज फिन



ऐलन हैं, जिन्होंने 2026 में ही ऐसा किया है। राजस्थान रॉयल्स ने इस आईपीएल में पहले छह ओवरों में 60 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी टीम द्वारा इस चरण में आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा लगाए गए छक्के हैं। उन्होंने 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। इनमें से अकेले सूर्यवंशी ने 37 छक्के लगाए हैं। किसी और बल्लेबाज ने किसी एक सीजन के पहले छह ओवरों में 30 छक्के भी नहीं लगाए हैं। राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया। आईपीएल में राजस्थान द्वारा 220 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक चेज करने का यह चौथा मौका था।

## ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा किया। मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में र्शीा पर पहुंच गए। लेकिन वह र्शीा स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था। वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली। सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की। लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में र्शीा पर पहुंच गए और 563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं। इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। पर्पल कैप तालिका में इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल गेंदबाज प्रिस यादव लगातार तीसरे मुकाबले में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए और उनके नाम अभी भी 16 विकेट हैं।

## सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हुए लैंगर

**जयपुर, वार्ता।** स्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले जस्टिन लैंगर, वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा से हैरान होने वालों की सूची में एक नया नाम बन गए हैं। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्ले ऑफ की उम्मीदें जदिा रखने के लिए लैंगर की कोचिग वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रन बनाने थे, लेकिन सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया। जब वह आउट हुए, तब आरआर को जीत के लिए सिर्फ छह ओवर में सिर्फ 41 रन चाहिए थे। लैंगर ने सूर्यवंशी को लेकर विश्व क्रिकेट के लिए एक तरह की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा, 35 साल के क्रिकेट करियर में मैंने कई शानदार खिलाड़ी देखे हैं, लेकिन किसी युवा खिलाड़ी को इस तरह बल्लेबाजी करते देखना, सिर्फ आज नहीं बल्कि पूरे टूर्नामेंट में हैरान कर देने वाला है। पिछले मैच में मिचेल स्टार्क गेंदबाजी कर रहे थे और उनके चेहरे का भाव देखिएगा। सूर्यवंशी उन्हें मार रहे हैं और स्टार्क के चेहरे पर ऐसा भाव था जैसे- 'यह यहां क्या हो रहा है।

# आरसीबी के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट इस सप्ताह आईपीएल में वापसी करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिल सॉल्ट इस सप्ताह के आखिर में भारत लौटने वाले हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह उंगली की चोट के कारण एक महीने तक आईपीएल से बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश करते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।

तब से वह कोई मैच नहीं खेले हैं और पिछले महीने अपनी उंगली ठीक होने के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए घर लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अगर नेट रन रेट में कोई बड़ा



बदलाव नहीं हुआ तो टीम अगले मंगलवार धर्मशाला में क्वालिफायर 1 में पहुंचने की मजबूत दावेदार है। अभी यह साफ नहीं है कि सॉल्ट शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में खेल पाएंगे या नहीं, लेकिन प्लेऑफ इतने क़रीब होने की वजह से टीम कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं दिख रही। सॉल्ट की जगह पिछले एक महीने से इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी जैकब बेथेल विराट कोहली के साथ ओपनिग कर रहे थे, लेकिन वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने सात पारियों में 96 रन बनाए हैं।

# प्रेजेंटेशन में लखनऊ टीम के लिए अपशब्द बोल गए ऋषभ पंत

**जयपुर, वार्ता।** कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की 13 मैचों में नौवीं हार के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में टीम के लिए अपशब्द बोल गए। आईपीएल 2026 में वे प्लेऑफ की दौड़ से बहुत पहले ही बाहर हो चुके हैं। टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है और अब इस सीजन के खत्म होने से पहले उन्हें सिर्फ एक आखिरी मैच की औपचारिकता पूरी करनी है।

पंत शनिवार को पंजाब किग्स के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने कहा कि हम एक टीम के तौर पर गर्व महसूस करते हैं, चाहे अभी हमारी स्थिति कैसी भी हो। हमारी टीम जैसी है, हमें पता है कि हम जीत सकते हैं। चाहे कुछ भी हो, हम टीम और खिलाड़ी के तौर पर बहुत



आत्मविश्वासी हैं। चीजें हमारे हिंसाब से नहीं गईं और ए सब जानते हैं, लेकिन इससे ए सच नहीं बदलता कि हम एक (अपशब्द) अच्छी टीम हैं। एलएसजी की सबसे बड़ी समस्या उनकी बल्लेबाजी रही है। खुद पंत का सीजन बेहद खराब रहा है, जहां उन्होंने 12 पारियों में सात बार 20 या उससे कम रन बनाए। उनके आसपास के बड़े खिलाड़ी, जैसे- निकोलस पूरन भी फॉर्म में नहीं दिखे। यहां तक कि मिचेल मार्श, जिन्होंने हाल ही में शतक लगाया था और मंगलवार को 96 रन बनाए, उनका भी इस आईपीएल में आगाज धीमा रहा था। टीम डायरेक्टर टॉम मूडी ने माना कि खासकर मध्य क्रम का खराब प्रदर्शन, टीम के इस औसत प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा,

जिसकी वजह से टीम लगातार अंक तालिका के निचले हिस्से में रही। हालांकि राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बल्लेबाजों ने ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के सामने बुरी तरह दबाव में आ गए। सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 23 गें. दों में 43 रन की पारी खेली। आरआर के सलामी बल्लेबाजों ने 221 रन के लक्ष्य में से 75 रन सिर्फ 39 गेंदों में ही जोड़ दिए।

# बांगलादेश ने पाक को दूसरे टेस्ट में 78 रनों से हराकर सीरीज 2-0 से जीती

**सिलहट, वार्ता।** दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को बंगलादेश ने तैजुल इस्लाम (छह विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को 78 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। 126 रनों और 69 रनों की पारी खेलने वाले लिटन कुमार दास को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 253 मुशफिकुर रहीम को 'प्लेयर ऑफ दा सीरीज' का पुरस्कार मिला।

पाकिस्तान ने आज यहां कल के सात विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 96वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने साजिद खान (28) को आउटकर बंगलादेश को आठवीं



सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने शतक की ओर बढ़ रहे मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। मोहम्मद रिजवान ने 166 गें. दों में 10 चौके लगाते हुए 94 रनों की पारी खेली। 98वें ओवर की दूसरी गेंद पर तैजुल इस्लाम ने खुर्रम शहजाद (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान की पारी का 358 के स्कोर पर पाकस्तान की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 78 रनों से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने छह विकेट लिए। नाहिद राणा को दो विकेट मिले। शोरिफुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश के पहली पारी में 46 रन की बढ़त लेने और दूसरी पारी में 390 रन जोड़ने के बाद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान ने शुरुआती झटकों के बाद लगातार वापसी की और आखिरी दिन तक मुकाबला बनाए रखा। पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 0 रन से आगे खेलना शुरू किया और अब्दुल्ला फजल का विकेट जल्दी ही गिर गया, जब नाहिद राणा ने एक्स्ट्रा बाउंस फेंककर गली में मेहदी हसन मिराज को शानदार कैच पकड़ने पर मजबूर कर दिया।

# बीसीसीआईके घरेलू सीजन 2026-27 में 1,788 मैच खेले जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय घरेलू सीजन 2026-27 का शेड्यूल घोाित करते हुए खुशी हो रही है। इस सीजन के दौरान, पुरुों और महिलाओं के क्रिकेट में अलग-अलग आयु वर्गों और फॉर्मेट में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन में पुरुों के क्रिकेट में सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर16 श्रेणियों में टूर्नामेंट होंगे, साथ ही महिलाओं की सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर15 प्रतियोगिताओं का भी एक विस्तृत कैलेंडर होगा।

घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त को प्रतिठित दलीप ट्रॉफी से होगी। यह एक और विस्तृत और बेहद प्रतिस्पर्धी कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत में घरेलू क्रिकेट के मानकों को लगातार ऊंचा उठा रहा है। 2026-27 का घरेलू सीजन एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचा बनाने के प्रति बीसीसीआई की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि सभी फॉर्मेट और श्रेणियों में संतु. लित प्रगति हो। इस सीजन का रेड-बॉल (लाल गेंद) वाला हिस्सा दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा, जिसमें छह जोनल टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद एक अक्टूबर से ईरानी कप खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी दो चरणों वाले फॉर्मेट में ही खेली जाती रहेंगी। इससे खिलाड़ियों को आराम करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, और साथ ही घरेलू ढांचे में मल्टी-डे क्रिकेट (कई दिनों तक चलने वाले मैच) को प्राथमिकता देना भी जारी रहेगा। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में चार समूहों में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें शामिल होंगी। आने वाले सीजन में कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी के विजेताओं और 'रेस्ट ऑफ इंडिया' के बीच होने वाले मैच की वापसी होगी। यह मैच 1 से 4 अक्टूबर 2026 के बीच खेला जाएगा। यह मैच घरेलू कैलेंडर में इसलिए वापस लाया गया है, ताकि अंडर23 आयु वर्ग के उभरते हुए क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर और प्रतिस्पर्धी मंच मिल सके। घरेलू क्रिकेट को आधुनिक खेल की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों के तहत, पुरुषों की अंडर23 स्टेट 'ए' ट्रॉफी और विजी ट्रॉफी को 'वनडे' (एक दिवसीय) प्रतियोगिताओं से बदलकर टी -20 टूर्नामेंट में बदल दिया गया है।

# तालाब की ढांग भरभराकर गिरी, पीली मिट्टी खोद रहीं दो महिलाओं की मौत, एक गंभीर

## बिलारी के समाथल गांव में हादसा, घर की लिपाई के लिए मिट्टी लेने गई थीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव समाथल में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर की लिपाई के लिए तालाब किनारे पीली मिट्टी खोदने गई तीन महिलाएं अचानक ढांग गिरने से मिट्टी में दब गईं। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार गांव समाथल निवासी 40 वर्षीय माला देई पत्नी बृजपाल सिंह, 35 वर्षीय सुनीता पत्नी श्रीराम कश्यप और 40 वर्षीय रामवती पत्नी छत्रपाल सिंह सुबह करीब 7 बजे शिव मंदिर के पास स्थित तालाब पर मिट्टी खोदने गई थीं। बताया गया कि महिलाएं तालाब की गहरी ढांग के नीचे मिट्टी निकाल रही थीं, जबकि कुछ बच्चे बाहर खड़े इंतजार कर रहे थे। इसी





दौरान कमजोर हो चुकी ढांग अचानक भरभराकर गिर गई और तीनों महिलाएं मिट्टी में दब गईं। घटना के बाद बच्चों ने गांव पहुंचकर शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण फावड़े लेकर मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर महिलाओं को बाहर निकाला। गंभीर हालत में तीनों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने माला देई और सुनीता को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामवती की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतका माला देई का बेटा यश कुमार मुबारकपुर बिजलीघर में संविदा लाइन स्टाफ के रूप में कार्यरत है, जबकि सुनीता अपने पीछे दो बेटियांख्र9 वर्षीय पूजा और 4 वर्षीय माधुरीख्रछोड़ गई हैं। परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# परिवार परामर्श केंद्र में दो दंपतियों का कराया गया समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी एवं थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की देखरेख में आयोजित हुई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को काउंसलरों के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 23 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें आठ मामलों का निस्तारण हुआ। वहीं दो परिवारों को पुन: मिलाकर समझौता कराया गया तथा छह पत्रावलियां आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद कर दी गईं। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, सब इंस्पेक्टर महेश गंग. वार एवं हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम 1930, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं के पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## एक नजर

### बुधवार शाम तक लगभग दो लाख पच्चीस हजार लोगो ने की स्व: गणना

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनपद में स्वगणना का कार्य तेजी से चला है। बुधवार शाम 6:00बजे तक 225000 लोगों की स्वगणना का आंकड़ा छूता दिखाई दिया। लक्ष्य बना कर प्रशानिक टीम कार्य कर रही है। इसी के




चलते काफी लोग स्वगणना करवाने में रुचि ले रहे हैं। यह कार्य 7 मई से शुरू हुआ था और 21 मई तक चलेगा श22 मई से घर घर जाकर जनगणना का कार्य प्रगणक करेंगे। इससे पहले कोशिश है कि ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य कर लिया जाए। जिला जनगणना अधिकारी ममता मालवीय ने बताया कि अब तक 225000 से ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला जनगणना अधिकारी ने कहा कि स्वगणना के लिए पोर्टल एचटीटीपीएस://से. सेंसस.गोव.इन पर जाना होगा। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर डालना होगा। आधार और मकान से जुड़ी जानकारी इसमें भरनी होगी। पूरी प्रक्रिया के बाद 11 अंकों की एसईआईडी जनरेट होगी प्रगणकों को यही आईडी आपको बतानी है।

### अधिशासी अधिकारी ने जनगणना की सामग्री का कराया वितरण



**कांठ( शाह टाइम्स )** अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल के नेतृत्व में नगर पंचायत कांठ द्वारा जनगणना 2027 संबंधित सामग्री वित. रित कराई गई। सामग्री डॉक्टर अंजना शर्मा, जावेद अख्तर, विकास कुमार, संजीव कुमार ,पुनीत कुमार सुपरवाइजर एवं सत्यपाल सिंह, वंदना विश्नोई,उदय वीर सिंह,बिजेंद्र बिश्नोई चंद्रभानु बिश्नोई,प्रतीक्षा, मनी विश्नोई, रचना अग्रवाल, यश देव, मोहम्मद परवेज, बदर जहां आदि प्रगणको ने प्राप्त की। नगर पंचायत कांठ के वरिष्ठ लिपिक अमित विश्नोई , अमित कुमार ठाकुर , मोहम्मद आलम , टेक्निकल सपोर्ट नितिन कुमार विश्नोई , निशांत कुमार , इमरान अहमद, इसरार अहमद आदि कर्मचारियों का सामग्री वितरण में सहयोग रहा।

### कुत्तों ने किया बेसहारा गोवंश पर हमला, गो सेवकों ने पहुंचाया गौशाला

**कांठ( शाह टाइम्स )** गौ सेवा गतिविधि के संयोजक एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य विकास शर्मा को कासमपुर के जंगल में निराश्रित गोवंश पर कुत्तों द्वारा हमला करने की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए और बीडीओ को सूचित किया, पशु चिकित्सा अधिकारी आदित्य गोयल, सेक्रेटरी उर्वशी सिंह को भी सूचना दी गई। पशु चिकित्सा



अधिकारी द्वारा टीम भेज कर गोवंश का उपचार कराया गया। उपचार कराकर घायल गोवंश को सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में संरक्षित कराया गया। उन्होंने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों द्वारा गोवंशो पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। प्रशासन को कुत्तों की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। गोसवेकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए। और निराश्रित गोवंश की सुरक्षा की जाए। इस मौके पर विकास शर्मा के साथ डॉक्टर नेपाल सिंह, डॉक्टर त्रिदेव, अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### प्रेम विवाह में दहेज को लेकर पड़ने लगी खटास, पुलिस ने 6 को किया नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** प्रेम विवाह में दहेज को लेकर खटास पडनी शुरू हो गई पति भी विवाहिता को छोड़कर कहीं चला गया पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने 6 को नामजद किया है छजलैट थाना क्षेत्र के गांव ढकेडा की रहने वाली प्रियंका की शादी दयनाथपुर में पाल समाज के मनीष के साथ हुई थी प्रियंका का आरोप है की मनीष की बहन मां आदि मिलकर अब उससे दहेज की मांग करते हैं और उसके अनुसूचित जाति की होने के कारण उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हैं। 15 दिन पहले उसका पति उसे छोड़कर कहीं चला गया बात हुई तो उसने रुद्रपुर काम करने जाने की बात कही पत्नी रुद्रपुर पहुंची तो वह नहीं मिला अमरोहा का पता चलने पर वह अमरोहा गई आरोप है कि फोन करने पर अब वह उसे गालियां दे रहा है पीड़िता एसएसपी के पास पहुंची और अपनी पीड़ा उनसे बताइ एसएसपी के आदेश से पुलिस ने मनीष मीनू अंजू रीनू मुन्नी और नितिन पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### देहरी जुम्मन गांव के पांच घरों में हुई चोरी की अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** देहरी जुम्मन गांव के पांच घरों में हुई चोरी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बतादे की 18 मई की रात को किसी वक्त चोर नेमपाल के घर में घुस गए और नगदी और जेवर सहित माल समेटकर फरार हो गए ईसके साथ-साथ योगेश पुत्र परम सिंह मनोज पुत्र प्रीतम के सहित पांच घरों में चोरों ने घटना को अंजाम दिया पुलिस ने घटना स्थल का भ्रमण किया नेपाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की है।

### हीट वेव से बचाव को लेकर सीएचसी बिलारी अलर्ट अधीक्षक डॉ. राजपाल ने जारी की एडवाइजरी

**बिलारी।** बढ़ती गर्मी और हीट वेव को को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पूरी तरह सतर्क है। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि हीट वेव से प्रभावित मरीजों के उपचार और भर्ती के लिए अस्पताल में सभी



आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं, साथ ही हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए अलग से समुचित व्यवस्था भी की गई है। सीएमएस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान विशेष सावधानी बरतें। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा या सिर ढंककर ही निकलें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि पानी की कमी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि बासी भोजन तथा खुले में कटे-फटे फल खाने से बचें, क्योंकि गर्मी में इससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है ताकि हीट वेव के दुष्प्रभाव से बचाव किया जा सके। सीएचसी प्रशासन के अनुसार अस्पताल में आवश्यक दवाइयों, बेड और चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा स्टाफ को सतर्क है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों का प्रदर्शन राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री के विरोध में बुधवार को चन्दौसी में केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। केमिस्टों ने शहर में पैदल मार्च निकालते हुए ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों के खिलाफ नारेबा. जी की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री एवं चन्दौसी विधायक गुलाब देवी को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालकों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन की सदस्य पायल ने बताया कि ऑनलाइन कंपनियों के कारण छोटे केमिस्टों की आय लगातार कम हो रही है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाई जाए तो छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केमिस्ट हमेशा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। एसोसिएशन के सदस्य अनुज वार्ष्णेय ने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन फार्मेसी ऐप्स के माध्यम से नशीली और प्रति. बंधित दवाओं की बिक्री हो रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय मेडिकल स्टोर ड्रग इंस्पेक्टर की निगरानी में संचालित होते हैं, जबकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं है। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि बिना फार्मासिस्ट के दवा बिक्री और नकली व एक्सपायर दवाओं का कारोबार जनहित के खिलाफ है। उन्होंने केमिस्टों की मांग सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# कुंदरकी विधायक ने सीएम योगी से की मुलाकात, पुल निर्माण व मुरादाबाद को विद्युत ग्रेड-1 में शामिल करने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे/कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने कुंदरकी के लिए स्वीकृत अनेकों परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कई दर्जन गांवों में प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण होने वाले नुकसान का हवाला देते हुए क्षेत्र में कई पुलों के निर्माण और मरम्मत की मांग रखी। उन्होंने अक्का डिलारी चौकी से चमरौआ क्रॉसिंग के मध्य राजेड़ा नदी पर पुल निर्माण, बीकनपुर गोविंदपुर कलां मार्ग पर रामगंगा नदी पर पुल निर्माण, समदी वीरपुर वरियर के मध्य राजेड़ा नदी पर पुल निर्माण, किसवा नगला संपर्क मार्ग पर नचना नदी पर पुल निर्माण, भायपुर में बहल्ला नदी पर पुल निर्माण की मांग की।साथ ही बीकनपुर सादुल्लापुर मार्ग से गागन. नदी पर स्थित पुल पर विशेष मरम्मत कार्य, अहमदनगर जेतबाड़ा से गो. विंदपुर कलां संपर्क मार्ग पर स्थित



रामगंगा नदी पर बने पुल पर विशेष मरम्मत कार्य, करनपुर से बर की मड़ैया की ओर रामपुर बॉर्डर पर बहल्ला नदी पर स्थित पुल पर विशेष मरम्मत कार्य कराने का अनुरोध किया।विधायक ने मुख्यमंत्री से मुरादाबाद को विद्युत ग्रेड-3 से ग्रेड-1 में करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद का निर्यात 12 हजार करोड़ का है और मुरादाबाद एक्सपोर्ट 3 लाख कामगारों को रोजगार दे रहा है। मुरादाबाद उत्तर प्रदेश में विदेशी मुद्रा कमाने वाला एक बड़ा औद्योगिक शहर है। मुरादाबाद को बिजली के मामले में ग्रेड-3 में रखा गया है जबकि नोएडा एवं कानपुर को ग्रेड-1 में रखा गया है। उद्योगों को बिजली मिलने के मामले में मुरादाबाद पिछड़ा हुआ है। कई घंटे की कटौती, फाल्ट और ट्रिपिंग से कार्यक्षमता प्रभावित होती है।कुंदरकी विधायक ने औद्योगिक विकास योजना के अंतर्गत डियर पार्क से दलपतपुर ड्राई पोर्ट, मुंडिया मलूकपुर, चंदनपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं डियर पार्क रामनगर मझरा से मिलक अक्का डिलारी, चमरौआ, भीतखेड़ा, मानपुर पट्टी होते हुए आगापुर नेशनल हाईवे रामपुर तक 32 किमी लंबे स्टेट हाईवे निर्माण की मांग भी रखी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मांगों को पूर्ण कराने का आश्वा. सन दिया। इस दौरान हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर एसोसिएशन के सचिव सत्यपाल भी उपस्थित रहे।

## विवाहिता की मां ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप कोतवाली में दी तहरीर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मनगंज निवासी खुशनस. ीम पत्नी स्वर्गीय यासीन ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी मूकबधिर पुत्री के साथ दहेज उत्पीड़न और मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसकी पुत्री नाजिया की शादी 6 जुलाई 2017 को मोहल्ला पजाया लक्ष्मनगंज निवासी अनस पुत्र यासीन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। पीडिघ्ता की मां के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नाजिया को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताडिघ्त करने लगे। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की जाती है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि अनस के भाइयों द्वारा उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें की गईं। महिला का कहना है कि कई बार समझौते और समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। पीडिघ्ता की मां ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सूरत काम पर जाने की बात कहकर निकला युवक उत्तराखंड में मृत मिला, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सिद्धार्थनगर सहसपुर निवासी 19 वर्षीय मोनू पुत्र नन्हे सिंह की



संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोनू 11 मई को सूरत में काम करने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग पुलिस चौकी से सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मोनू के साथ अभय निवासी हर्षनगर बिलारी तथा राजकुमार और प्रिंस निवासी रमपुरा, जनपद संभल भी गए थे। बताया गया कि चारों युवक



11 मई की रात भोजन करने के बाद सूरत जाने की बात कहकर घर से निकले थे। करीब पांच से छह दिन बाद अन्य युवक वापस लौट आए, लेकिन मोनू का कोई पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था, जिससे परिजन परेशान हो गए। चिंतित परिवार ने 19 मई को बिलारी कोतवाली में मोनू की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी दिन दोपहर करीब एक बजे रुद्रप्रयाग पुलिस चौकी से सूचना मिली कि मोनू केदारनाथ मार्ग पर पहाड़ी से करीब 500 मीटर नीचे घायल अवस्था में मिला था। सूचना पर एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को गांव ला रहे हैं। मृतक मोनू बिलारी में एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करता था और परिवार के पालन-पोषण में सहयोग करता था। उसके पिता नन्हे सिंह मोची का काम करते हैं।

जबकि मां मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई गई हैं। मोनू पांच भाई-बहनों में शामिल था। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं मोनू के साथ गए अभय के पिता दिनेश ने बताया कि उनके पुत्र के अनुसार चारों युवक दो-दो की टीम में आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान मोनू कब पहाड़ी से नीचे गिर गया, इसका पता नहीं चल सका। काफी तलाश के बाद भी जब मोनू नहीं मिला तो अभय, राजकुमार और प्रिंस ने सोनप्रयाग चौकी में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## बकरा ईद पर सफाई व पानी व्यवस्था की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया उलेमा व मशाएख बोर्ड तथा जनता जागरूक समिति ने अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह को ज्ञापन सौंपकर बकरा ईद पर विशेष सफाई व्यवस्था और निर्बाध जलापूर्ति की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि ईद-उल-अजहा का त्योहार तीन दिन मनाया जाता है, जिसमें कुर्बानी की रस्म अदा की जाती है।

कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों को उठाने के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था की जाए। साथ ही सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक पानी की कटौती न करने की मांग उठाई गई। ईओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को बीस वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने नाबालिग किशोरी के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है जबकि सहआरोपी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया।

मामला थाना बनियाठेर क्षेत्र के अशोकनगर का है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी ने 21 मई 2024 को थाना बनियाठेर में तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री कक्षा सात की छात्रा है। घटना से एक दिन पहले रात लगभग नौ बजे उसकी बेटी घर का दरवाजा बंद करने बाहर गयी थी। तभी पुलकित पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह तथा श्याम पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह उसे जबरन खींचकर बाइक पर बैठाकर ले गये।

बच्ची की चींख सुनकर उसकी मां बाहर आयी और आरो. पियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। उस समय वादी अपने गांव ककराला थाना उघैती में था। सूचना मिलने पर वह तत्काल अशोकनगर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। इस मामले में थाना बनियाठेर में अपराध संख्या 154/2024 के तहत धारा 363, 366, 376, 506 भादंसं तथा धारा 3/4 और 16/17 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत में हुई।

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी पुलकित पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी अशो. कनगर थाना बनियाठेर को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को धारा 363 भादंसं में तीन वर्ष का कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 366 में पांच वर्ष का कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट के तहत बीस वर्ष के कारावास एवं पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

वहीं सहआरोपी भोला उर्फ अजय पुत्र बाबूराम निवासी अशो. कनगर देवरखेड़ा थाना बनियाठेर को धारा 363, 366 भादंसं एवं धारा 16/17 पॉक्सो एक्ट के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया गया।

## बाइक और ई रिक्शा की टक्कर के बाद दूसरे घायल युवक की भी हुई मौत

**बिलारी।( शाह टाइम्स संवाददाता )।** शाहबाद रोड पर डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास ई रिक्शा और बाइक की टक्कर के बाद घायल हुए दूसरे युवक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को घर लाया गया। परिवार में सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल के बीच युवक को सुपुर्द खाक किया गया।

घटना सोमवार की है दोपहर के वक्त तेज रफ्तार बाइक ई रिक्शा में जा टकराई। इस हादसे में मौके पर ही रुस्तमनगर सहसपुर निवासी 18 वर्षीय अनस पुत्र जमील की दुर्घटना में मौत हुई थी जबकि दूसरा युवक रेहान पुत्र मोबीन निवासी सहसपुर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका मुरादाबाद के अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान रेहान पुत्र मोबीन ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची। परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। भारी तादात में लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए घर पर पहुंचे। जहां गमगीन माहौल के बीच युवक को सुपुर्द खाक किया गया।

# ईंट भट्टे पर महिला के साथ हैवानियत!

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर रहने वाली महिला के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। करीब 55 वर्षीय पीडिघ्ता अपने पति के साथ भट्टे पर रहती है जो कि चौकीदारी का कार्य करता है।घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के करेली रोड स्थित भट्टे पर चौकीदारी करने वाला एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ रहता है। देर रात उसी भट्टे पर काम करने वाले नसीम ने महिला के पति को शराब लाने के बहाने वहां से भेज दिया। आरोप है कि पति के जाते ही नसीम ने अकेली महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। महिला के विरोध और चीख-पुकार मचाने पर आसपास हलचल हुई। इसी दौरान महिला का पति वापस लौट आया, जिसे देख आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद महिला घायल अवस्था में मिली। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला संयुक्त चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी नसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है तथा भट्टा मालिक से भी पूंछताछ की जा रही है।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समस्या की ओर इशारा

केंद्र सरकार ने चार साल के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें बढ़ाई है। इसका अनुमान था, क्योंकि सरकार कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लागत से कम वसूली के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों द्धओएमसीत्रः को हो रहे घाटे के बारे में चेतावनी दे रही थी। यह भी जाहिर था कि कीमतों में यह बढ़ोतरी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद होगी, लेकिन विदेशी मुद्रा के बढ़ते खर्च, हाल के महीनों में रुपये के तीव्र अवमूल्यन और अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों के चलते प्रधानमंत्री द्वारा किफायत बरतने की अपील एक ज्यादा गहरी समस्या की ओर इशारा करती है जिसे भारत दशकों पहले देश के अपर्याप्त रणनीतिक पेट्रोलियम और गैस रिजर्व बनाकर हल कर सकता था। भारत ने लगभग 36.7 मिलियन से 39 मिलियन बैरल का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व द्धएसपीआरत्रः बनाया दृ इस कार्यक्रम की परिकल्पना साल 1991 में सामने आये जोखिम के बाद की गयी और इसे 2000 के दशक के शुरू में औपचारिक रूप दिया गया। लेकिन आज, 5.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन द्धएमबीपीडीत्रः की दर से यह लगभग सात दिनों की खपत को कवर करता है। अगर इसमें तमाम ओएमसी की मालसूची द्धइन्वेंट्रीत्रः और आयात कवर को भी जोड़ लें, तो यह 70 दिन से ज्यादा का स्टाक बनता है। लेकिन बीते सालों में, अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बनकर उभरा है और उन देशों के तेल उपभोग को देखें तो पता चलता है कि भारत के सामने कितना बड़ा जोखिम है। अमेरिका ने अपना एसपीआर साल 1973 के तेल संकट के बाद बनाया दृ जो 714 मिलियन बैरल का है और भारत के एसपीआर से 18 गुना बड़ा है। वहीं चीन का और भी बड़ा, लगभग 900 मिलियन बैरल का है। अमेरिका के पास अपने रिजर्व तंत्र में अभी लगभग 400 मिलियन बैरल तेल है, जिससे मोटा-मोटी 20 दिनों की खपत की पूर्ति की जा सकती है। बीते 10 सालों में 13 एमबीपीडी के आउटपुट के साथ यह देश दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर उभरा है और वाणिज्यिक तंत्र के पास भी काफी इन्वेंट्री है, जो उसे अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा अनुशंसित 90 दिन के भंडार से ऊपर ले जाते हैं। यही बात चीन पर भी लागू होती है, जो तेल के मामले में आयात-निर्भर राष्ट्र होने के कारण भारत के साथ तुलना योग्य है। ये आंकड़े और चिंताजनक हो जाते हैं जब इनकी तुलना तरलीकृत पेट्रोलियम गैस द्धएलपीजीत्रः और तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीत्रः के रिजर्वों के साथ की जाती है, जहां भारत सबसे ज्यादा जोखिम में है। भारत के पास लगभग 1.4 लाख टन की एलपीजी भंडारण सुविधा है, जबकि उसकी दैनिक खपत लगभग 80,000 टन है दृ उसकी रिजर्व क्षमता की आधी से ज्यादा। एलएनजी की बात करें, तो भारत मुख्यतरू पेट्रोनेट एलएनजी और बीपीसीएल की रीगैसीफिकेशन सुविधाओं पर मौजूद स्टाक पर निर्भर करता है। उर्वरक उत्पादन के लिए बेहद अहम इस ईंधन की कोई भूमिगत भंडारण सुविधा मौजूद नहीं है। अमेरिका और चीन दोनों ने भूमिगत एलएनजी भंडारण सुविधा में भारी निवेश किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ ने रूसी गैस पर अपनी निर्भरता घटाते हुए नयी स्थितियों के अनुरूप तेजी से अनुकूलन किया। इन रिजर्वों ने आपूर्ति में व्यवधान के समय, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक अनुबंधों पर निर्भरता के जरिए आपूर्ति में व्यवधान के खिलाफ बाड़बंदी करने में सक्षम बनाया है। उन्हें हाजिर बाजार में ऊंची कीमतें देने से बचाया है। चीन की बात करें तो रूसी तेल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की नाफरमानी का उसे अच्छा फायदा हुआ है। भारत को भी फायदा हुआ होता अगर उसने ज्यादा रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखी होती।

## पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय



लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है, अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है, क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है, आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है, आरक्षण दान नहीं है, यह एक अधिकार है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र

## भीषण गर्मी से बचने के लिए कश्मीर के ऑफबीट इलाकों का रुख कर रहे पर्यटक

जैसे-जैसे उत्तरी भारत में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा रहा है, वैसे ही कश्मीर में घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ा रही है। ये पर्यटक ऐसे इलाकों को टुन रहे हैं, जो कम जाने-पहचाने सीमावर्ती इलाकें हैं। बांदीपोरा का रजदान पास, जो लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है, एक प्रमुख आकर्षण के तौर पर उभरा है। यहां मई के महीने में भी पहाड़ों पर बर्फ जमी है, जो दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में पड़ रही भीषण गर्मी के बिल्कुल विपरीत है और यहां के लोगों को आकर्षित कर रही है। पूरे भारत से टूरिस्ट जिनमें परिवार के साथ आने वाले, बाइकर्स और युवा यात्री शामिल हैं, बर्फ, ठंडी हवाओं और गुरेज घाटी की ओर जाने वाले सुंदर रास्ते का आनंद लेने के लिए इस पास पर उमड़ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के रोहन मेहता ने इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने 42 डिग्री की भीषण गर्मी को पीछे छोड़कर, महज एक दिन के भीतर खुद को बर्फ के बीच खड़ा पाया। राजस्थान की अंजलि शर्मा ने कहा कि यहां के ठंडे मौसम ने उन्हें जयपुर के 44 डिग्री तापमान से काफी राहत दी। वहीं केरल से आए फाजिल ने कहा कि रजदान पास के सोशल मीडिया वीडियो देखकर उन्हें यहां आने की प्रेरणा मिली, जबकि कर्नाटक की केबिन क्रू सदस्य एहाना ने इसे अपने बचपन का एक सपना सच होने जैसा बताया, यानी असल जिंदगी में बर्फ को अपनी आंखों से देखना। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पारंपरिक पर्यटन स्थलों के अलावा उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर के कई ऐसे इलाके भी हैं जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे, लेकिन अब वहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बने ढाबे, चाय के स्टाल और परिवहन सेवा से जुड़े लोगों को इससे आर्थिक फायदा हो रहा है। श्रीनगर के ड्राइवर बशीर अहमद ने बताया कि अब पर्यटक उन जगहों को भी घूमने जा रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी को ज़्यादा जानकारी नहीं थी। इससे इस मौसम में सीमावर्ती गांवों के लोगों की अच्छी कमाई हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव लोगों की यात्रा से जुड़ी पसंद में आए बदलाव का नतीजा है, जहां भीषण गर्मी के चलते ज़्यादा से ज्यादा लोग हिमालयी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कश्मीर के दूरदराज के सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं और स्थानीय लोगों का कहना है कि इन प्रयासों का फायदा हो रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या धीरे-धीरे इन दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को बदल रही है, क्योंकि अब पर्यटक केवल पारंपरिक पर्यटन स्थलों तक ही सीमित न रहकर, प्रकृति की उन अछूती और अद्‌भुत सुंदरताओं को भी खोजने निकल पड़े हैं, जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे। पर्यटकों की इस बढ़ती संख्या से यह बात साफ जाहिर होती है कि जलवायु से प्रेरित यात्रा के रुझान, गर्मियों में राहत की तलाश किस तरह कश्मीर में 'ऑफबीट' पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, इससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले समुदायों को रोजगार और कमाई के ऐसे अवसर भी मिल रहे हैं, जिनकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी।




# मौसम संबंधी घटनाएं और भारत की असुरक्षित स्थिति

पिछले हफ्ते के अंत में, मानसून से पहले की एक तेज रफ्तार वाली मौसम प्रणाली उत्तर प्रदेश में कहर बरपाते हुए पहुंची। इससे एक साथ कई जिलों में गरज, धूल भरी आंधी, बिजली, भारी बारिश और आंधी का मिश्रण देखने को मिला। बीते 14 मई तक, 26 जिलों में मरने वालों की संख्या 111 और घायलों की संख्या 72 थी। इस तरह, ये तूफान हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश में हुई सबसे घातक मौसम संबंधी आपदाओं में से एक बन गए। राज्य में 2018 से, या शायद उससे पहले से भी, मई-जून के महीनों में इसी तरह की मौसम संबंधी घटनाएं देखने को मिली हैं। हवाओं की तीव्रता इस साल की सबसे बड़ी खासियत रही। ये तीव्र हवाएं पेड़ों को जड़ से उखाड़ देने में सक्षम थीं।

ऐसा मालूम होता है कि यह तूफान मानसून से पहले की संवहनी प्रणाली के कारण आया था तथा उत्तर-पश्चिम में पैदा हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने स्थितियों को और ज्यादा अस्थिर कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने घटना से पहले ही आंधी तथा बिजली गिरने की चेतावनी जारी कर दी थी और उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित तौर पर सचेत पोर्टल के जरिए 34 करोड़ से ज्यादा रेड और आरेंज अलर्ट संदेश जारी किए थे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ये चेतावनियां भौगोलिक रूप से पर्याप्त रूप से सटीक थीं या नहीं अथवा समय पर अपने लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचीं या नहीं और वास्तव में क्या उन संदेशों ने सिर्फ आने वाले प्रतिकूल मौसम की चेतावनी दी थी या फिर लोगों को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं। दूसरी बात, मिर्जापुर और सोनभद्र के इलाके में विंध्य की लहरदार पहाड़ियों के ऊपर, एक - दूसरे से मिलने वाली ये वायु राशियां तेजी से ऊपर उठ सकती हैं। इससे राज्य के खास हिस्सों में गरज के साथ तूफान आ सकते हैं। यूं तो कोई भी प्राधिकरण कारगर तरीके से तूफानों की स्थानीय तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था, लेकिन अंतर्निहित जोखिम अप्रत्याशित नहीं था। साल के इस समय और इस स्थान पर इनकी पुनरावृत्ति से यह सवाल उठता है कि इतनी अधिक मौतें क्यों हुईं। इसके जवाब का एक हिस्सा निश्चित रूप से मौत और

दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं।

क्षति के तात्कालिक कारणों में निहित है, जिसमें आवास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा शामिल है। उत्तर प्रदेश में संरचनात्मक रूप से कमजोर ग्रामीण और अर्ध-शहरी घरों की तादाद ज्यादा है। अगर तूफान शाम या उसके बाद आता है, तो लोग अक्सर घरों के अंदर होते हैं या कमजोर छतों के नीचे आराम कर रहे होते हैं। इसके अलावा, लोग गलत तरीके से लगाए गए या खराब ढंग से स्थापित होर्डिंग्स, बिजली के तारों और सार्वजनिक संकेतों की वजह से भी असुरक्षित होते हैं। राज्य सरकार को इस बात की जानकारी थी कि इस तरह के तूफान किस किस्म की क्षति पहुंचा सकते हैं, इसलिए उसने खेती के प्रकार, फसल और नुकसान के आधार पर अलग-अलग राहत पैकेजों का एलान किया। अंतर्निहित जोखिम का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था, फिर भी स्थितियां काफी नाजुक रहीं।

# अमेरिका के खिलाफ दुश्मन जैसे फैसले ले रहा सऊदी

अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमे. रिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा।

ईरान के साथ तनाव में उलझे अमेरिका को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने 24 घंटे में दो बड़े झटके दिए हैं। पहला झटका पैसों से जुड़ा हुआ है। सऊदी और यूएई दोनों ने अमेरिकी ट्रेजरी से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी है। बुधवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई है। दोनों देशों ने मिलकर 15 अरब डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। दूसरा झटका ईरान पर हमले से जुड़ा है। एक्सियोस के मुताबिक, सऊदी और यूएई ने ईरान पर हमले का विरोध किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वो हमले से सिर्फ एक घंटे दूर थे लेकिन यूएई और सऊदी के विरोध के कारण उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। मध्य पूर्व में सऊदी और यूएई को अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। आधिका. रिक आंकड़ों के मुताबिक, सऊदी अरब ने मार्च में अमे. रिकी ट्रेजरी बान्ड में अपनी हिस्सेदारी 10.8 बिलियन डालर घटा दी है। यानी ये पैसे सऊदी ने निकाल लिए हैं। अब ट्रेजरी में सऊदी के हिस्से का 149.6 बिलियन डालर मौजूद है। इसी तरह यूएई ने 5.8 बिलियन डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा। वहीं डालर की मजबूती के लिए भी यह एक बड़ा झटका है। साथ ही यूएई और सऊदी के इस कदम से अमेरिका को कर्ज महंगा पड़ सकता है। वहां पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जंग के कारण अमेरिकी पहले से परेशान हैं। डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार (18 मई) को ईरान पर हमला करने को लेकर फैसला लेने वाले थे। एक्सियोस के मुताबिक सऊदी और यूएई से जब इसको लेकर पूछा गया तो दोनों ने साथ देने से इनकार कर दिया। दोनों का कहना था कि युद्ध से उन्हें ज्यादा नुकसान होंगे। सऊदी और यूएई ने तेल ठिकानों की रक्षा की दुहाई दी, जिसके बाद ट्रंप ने हमला न करने का फैसला लिया। अब कतर की पहल पर ईरान से परमाणु समझौते की बात चल रही है। ईरान का कहना है कि वह होर्मुज, यूरेनियम शिफ्ट करने को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा।फरवरी-मार्च में जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ा था, तब सऊदी और यूएई ने साइलेंट तरीके से ईरान के कुछ इलाकों पर हमला किया था।



# आतंक के विरुद्ध भारत की निर्णायक लड़ाई और बदलती घाटी

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

भारत का इतिहास एक ओर जहां अध्यात्म, विविधता और समरसता की भूमि का रहा है, वहीं दूसरी ओर इसने अतीत और वर्तमान में अनेक आंतरिक और बाहरी संकटों का सामना भी किया है। इन संकटों में सबसे भयावह है आतंकवाद, जिसने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार चुनौती दी है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी झकझोरा है। आतंकवाद कोई सीमित भूभाग का संकट नहीं है बल्कि यह समूचे राष्ट्र की चेतना को आहत करने वाला संकट है। भारत ने सैन्य, कूटनीतिक, सामाजिक और वैचारिक मोर्चों सहित बहुस्तरीय स्तर पर दशकों तक इस समस्या का सामना किया है। आतंकवाद के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और शांति एवं सद्‌भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। 21 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस न केवल इस संघर्ष की स्मृति है बल्कि यह ऐसी प्रतिज्ञा का दिन भी है, जो यह दर्शाती है कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा।

कश्मीर घाटी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के सबसे लंबे, संवेदनशील और निर्णायक संघर्ष की साक्षी रही है। कभी अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं, सांस्कृतिक समृद्धि और 'धरती के स्वर्ग' की पहचान के लिए विख्यात यह घाटी पिछले तीन दशकों तक आतंक, रक्तपात और अस्थिरता के भयावह दौर से गुजरती रही। वर्ष 1990 के बाद जिस सुनियोजित तरीके से घाटी में कट्टरपंथ और आतंकवाद की जड़ें जमाई गई, वह केवल स्थानीय असंतोष नहीं बल्कि सीमापार रची गई एक गहरी साजिश का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सामा. जिक समरसता को चोट पहुंचाना था। इस दौर ने हजारों परिवारों को उजाड़ दिया, अनगिनत मासूमों की जिंदगी छीन ली और पूरी पीढ़ी को भय, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीने के लिए विवश कर दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि घाटी में अब तक हुई हजारों आतंकी घटनाओं में लगभग 42 हजार लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें निर्दोष नागरिक, सुरक्षाबलों के वीर जवान और आतंकवादी शामिल हैं।

दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच घाटी में 22,143 छोटे-बड़े आतंकी हमले दर्ज किए गए, जिनमें 4,981 आम नागरिकों की मौत हुई जबकि मातृभूमि की रक्षा करते हुए 3,624 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी दौरान भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और रणनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए 24,512 आतंकवादियों को मार गिराया। यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि उन वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की गाथा हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि बीते एक दशक में भारत की आतंकवाद विरोधी नीति अधिक आक्रामक, तकनीक-सक्षम और रणनीतिक रूप से प्रभावी हुई है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7,217 आतंकी हमले हुए थे जबकि वर्ष 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर 2,242 से भी कम रह गई। इस दौरान आतंकी हिंसा से होने वाली जनहानि में 70 प्रतिशत से अधिक कमी दर्ज की गई। आम नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाकर्मियों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत की मजबूत सुरक्षा रणनीति, सशक्त खुफिया तंत्र और 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने आतंकवाद की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

हालांकि आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी गहन और विस्तृत है तथा इससे निपटने के लिए भारत को कितनी रणनीतिक गहराई के साथ काम करना पड़ रहा है। 2025 के पहलगाम हमले से इतर देखें तो घाटी में हाल के वर्षों में सामान्य जीवन की बहाली का प्रमाण यही है कि आज वहां के युवा बंदूक नहीं, किताबों की ओर लौट रहे हैं। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ी है, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और पर्यटन के क्षेत्र में भी आशाजनक वृद्धि देखी गई है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने युवाओं को एक वैकल्पिक जीवन की राह दिखाई है। इन संकेतों से स्पष्ट है कि आतंक केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास से भी पराजित किया जा सकता है। घाटी की जनता अब समझ चुकी है कि आतंक का मार्ग केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, रोजगार और शांति समृद्धि की ओर। लेकिन इस यात्रा में अब भी चुनौतियां शेष हैं क्योंकि पाकिस्तान अब भी दोहरी नीति अपनाए हुए है, एक ओर शांति की बातें, दूसरी ओर आतंकवाद को समर्थन। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को आज भी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। इस परिस्थिति में भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और भी कठोर और स्पष्ट हो गई है, आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता। यह नीति केवल वक्तव्य नहीं बल्कि क्रियान्वयन की दृढ़ रणनीति है। सीमा पर सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन तकनीक, सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना और नागरिक-सैन्य समन्वय को सशक्त करना इस नीति के कार्यान्वयन के मुख्य स्तंभ हैं। भारत अब यह भी समझता है कि आतंकवाद केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं है बल्कि एक वैचारिक लड़ाई भी है। यह युवा मन को भ्रमित करके उसे हिंसा की ओर ले जाने का प्रयास करता है। ऐसे में शिक्षा, सामाजिक समरसता और संस्कृति का पुनर्प्रतिष्ठान आवश्यक है। घाटी में यदि शांति को स्थाई बनाना है तो केवल सैन्य दबाव नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक और वैचारिक प्रयास भी अत्यंत आवश्यक हैं। युवाओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि राष्ट्र निर्माण का मार्ग केवल प्रतिभा, परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही बनता है। उन्हें यह बताना होगा कि बंदूकें केवल बर्बादी लाती हैं जबकि किताबें भविष्य बनाती हैं। आज जब भारत राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मना रहा है तो यह दिन केवल शोक या स्मरण का दिन नहीं है बल्कि यह एक सतत संकल्प का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि आतंक से लड़ाई केवल सेना की नहीं है अपितु यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)



अमृतसर। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी के बीच खुद को ढक कर चलते लोग।

## एशियाई उत्पादकता संगठन की तीन दिवसीय बैठक राजधानी में गुरुवार से

**नई दिल्ली।** एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के अधिशासी मंडल (जीबी) की तीन दिवसीय 68वीं बैठक यहां भारत मंडपम में गुरुवार को शुरू होगी। भारत की अध्यक्षता में इस बैठक में एपीओ के 20 सदस्य देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21 मई को उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। एपीओ के निदेशक, सलाहकार, एपीओ सदस्य देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और आमंत्रित अतिथियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

# अब्बास अराघची ने ट्रम्प को दी चेतावनी

### कहाः ईरान के खिलाफ अगर दोबारा जंग शुरू हुई, तो अमेरिका को 'कई और बड़े झटके' लगेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को चेतावनी दी कि बिना किसी उकसावे के अगर अमेरिका ने उनके खिलाफ फिर से आक्रामक रुख अपनाया तो अमेरिका को देने के लिए उनके पास 'कई और बड़े झटके' तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई है।

अराघची ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने के लिए ईरान अमेरिका के साथ पिछले टकरावों से 'मिले सबक और हासिल किए गए अनुभव' का इस्तेमाल करेगा और हमलावरों को इन अप्रत्याशित झटकों का मजा चखाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सांसदों ने इस 40 दिवसीय सैन्य अभियान के दौरान हुए बड़े पैमाने के भौतिक नुकसान को स्वीकार कर एक तरह से ईरान की सैन्य क्षमताओं की पुष्टि कर दी है। अराघची ने अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का



■ इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई

हवाला देते हुए कहा कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना ने कम से कम 42 विमान खो दिए। इससे होने वाला अनुमानित नुकसान लगभग 2.6 अरब डॉलर (लगभग 21600 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के सशस्त्र बल 'दुनिया भर में चर्चित एफ-35 विमान को मार गिराने वाले पहले बल' बन गए हैं। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के खिलाफ अमे. रिका-इजरायल के संयुक्त रूप से शुरू किए गए 40 दिनों के हवाई बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान नष्ट हो गए या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए सैन्य साजो-सामान में चार एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, एक एफ-35ए लाइटनिंग-2, एक ए-10 थंडरबोल्ट-2, हवा में ईंधन भरने वाले सात केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान, एक ई-3 सेंट्री हवाई चेतावनी और नियंत्रण विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 विमान, एक एचएच-60डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 हेलीकॉप्टर, 24 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन और एक एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे, जो सात अप्रैल को पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए एक नाजुक युद्धविराम के बाद से थमे हुए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य साजो-सामान पर हमले शुरू किए और होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले परिवहन पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया। यह एक ऐसा संकरा मार्ग है, जहां से दुनिया की तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। ये निष्कर्ष 13 मई को जारी 'कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस' की एक रिपोर्ट में सामने आया है।

## रूस-चीन ने 20 समझौतों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत किया

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को 'रणनीतिक' बताते हुए अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, परिवहन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सहित प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन और जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त बयान जारी किया है। इसके साथ ही एक बहुध्रुवीय दुनिया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक नए ढांचे का समर्थन करने वाली घोषणा भी जारी की गई है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार 'पिछले 25 वर्षों में 30 गुना से अधिक' बढ़ा है और 'लगातार कई वर्षों तक 200 अरब डॉलर के आंकड़े से ऊपर' बना रहा है।

## बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण की कवायद

■ व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दुनिया में किसी एक देश के दबदबे के बजाय बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की बात कही गई है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी मजबूत साझेदारी को और गहरा करने का भी वादा किया। चीन के 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई इस बैठक के बाद शी ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों के रिश्ते 'बड़ी उपलब्धियों और तेज विकास के एक नए दौर में पहुंच चुके हैं।' पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के संबंध 'इतिहास के सबसे बेहतरीन स्तर' पर हैं।

उन्होंने शी को अगले साल रूस आने का न्योता भी दिया। दोनों देश 25 साल पहले हुए 'चीन-रूस मित्रता और सहयोग समझौते' को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह फैसला दिखाता है कि 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से एक-दूसरे के करीब आए दोनों देश आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। पुतिन ने चीन को बिना किसी रुकावट के तेल और गैस की आपूर्ति जारी रखने का वादा करते हुए कहा, "हमारा आपसी व्यापार अब बाहरी दबाव से सुरक्षित है, क्योंकि हमने अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अपनी-अपनी मुद्रा में लेन-देन शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे एक सुरक्षित व्यापार व्यवस्था बताया, जिस पर वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत का लगभग 96 प्रतिशत व्यापार भी अब स्थानीय मुद्रा में हो रहा है। खबरें यह भी हैं कि लंबे समय से अटकी 'पावर ऑफ साइबेरिया 2' पाइपलाइन परियोजना पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है। यह पाइपलाइन रूस से मंगोलिया होते हुए चीन तक हर साल 50 अरब घन मीटर प्राकृतिक गैस पहुंचाएगी। पुतिन ने 'उत्तरी समुद्री मार्ग' के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रूस और चीन मिलकर पूरे यूरेशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। पुतिन के साथ शी ने अमेरिकी विदेश नीति पर निशाना साधा।

# अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

### राष्ट्रपति ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की, राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50.47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत



■ ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने की कवायद, युद्ध का अधिकार संसद के पास हो: विपक्ष

चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। अमे. रिकी संसद के सीनेट में मंगलवार शाम को ईरान जंग रोकने को लेकर बैठक हुई। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमे. रिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है। यह संघर्ष शुरू होने के बाद इस तरह के प्रस्ताव पर सीनेट में आठवां मतदान था। इस वर्ष दूसरी बार कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट सदस्यों के साथ मिलकर युद्ध अधिकार प्रस्ताव को सीनेट न्यायपालिका समिति से बाहर लाने का समर्थन किया है। इस बीच, ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह ईरान पर नए हमले का आदेश देने से 'सिर्फ एक घंटे दूर' थे, लेकिन सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के के अनुरोध पर उन्होंने इसे स्थगित कर दिया। दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा कि ईरान की वार्ता संबंधी स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है।

## बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

■ फर्श पर डेड बाडी मिली, ड्यूटी करके लौटा था, हरियाणा का रहने वाला था मृतक

**ढाका।** बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बाडी मिली।

वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डार्मिटरी में रहते थे। अभी तक मृत सुरक्षाकर्मी की कोई सामने नहीं आई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी आरिफुल इस्लाम ने बताया कि शव पर किसी भी तरह की चोट, घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नरेंद्र की मौत हार्ट अटैक या स्ट्रोक की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि मुमकिन है कि रात के दौरान या सुबह बाथरूम से निकलने के बाद उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक आया हो। असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस के मुताबिक, शव को भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी में चिटगांव मेडिकल कालेज अस्पताल के मार्चरी भेजा गया। भारतीय दूतावास की ओर से फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी बांग्लादेश प्रशासन और पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि मौत के कारणों पूरी जांच हो सके।

# अमेरिका के नए प्रतिबंध लगने के बाद 'खून खराबा' होगा

### क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने कहाः इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे

**हवाना।** अमेरिका द्वारा क्यूबा के कुछ अधिकारियों और सरकारी संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए जाने के क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कनेल ने चेतावनी दी है कि क्यूबा पर किसी भी अमेरिकी सैन्य हमले से 'खून-खराबा' होगा और इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

यह बयान ऐसे समय आया है जब मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि क्यूबा प्रशासन भी अमेरिकी ठिकानों पर संभावित हमलों पर विचार कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं। उन्होंने क्यूबा पर कब्जे को 'सम्मान' बताया था और कहा था कि वह 'जो चाहें कर सकते हैं।' यह चेतावनी अमे. रिका द्वारा क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थाओं, जिनमें खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ घंटों बाद आई।

■ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे क्यूबा पर लगातार दबाव बनाने की मुहिम की शुरुआत बताया और कहा कि आने वाले दिनों में और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। कनेल ने कहा कि क्यूबा किसी देश के लिए खतरा नहीं है, लेकिन किसी भी सैन्य हमले के खिलाफ आत्मरक्षा का उसे पूर्ण अधिकार है। राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों में भारी गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन 'अधिकतम दबाव' की नीति के तहत हवाना में सत्ता परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा को होने वाली तेल आपूर्ति भी रोक दी है, जिससे वहां गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। क्यूबा में लगातार बिजली कटौती के कारण विरोध प्रदर्शन हुए हैं तथा स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल प्रभावित हुए हैं। क्यूबा के ऊर्जा मंत्री ने हाल ही में कहा था कि रूस से मिली आपातकालीन तेल सहायता भी समाप्त हो चुकी है, जिससे लंबे समय तक बिजली संकट बने रहने की आशंका है। इस बीच, प्रमुख शिपिंग कंपनियों हपाग-ल्यॉड और सीएमए सीजीएम ने अमेरिकी नियमों का पालन करते हुए क्यूबा के लिए माल ढुलाई रोकने की घोषणा की है, जिससे खाद्य संकट और गहरा सकता है। तनाव उस समय और बढ़ गया जब अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि क्यूबा ने 300 से अधिक सैन्य ड्रोन हासिल किए हैं और वह गुआनतामो स्थित अमे. रिकी नौसैनिक अड्डे तथा अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है। मार्च में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा था कि वेनेजुएला 'पहला कदम' था और क्यूबा अगला हो सकता है। उन्होंने कहा था कि क्यूबा 'पूरी तरह विफल राष्ट्र' है और अंततः उसे अमेरिका के पास आना पड़ेगा। इस बीच, क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति रौल कास्त्रो पर वर्ष 1996 में अमेरिका के नागरिक विमानों को गिराए जाने की घटना में कथित भूमिका को लेकर अभियोग चलाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

## दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी और होगी मजबूतः राजनाथ

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण कोरिया ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को




और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी।

## 'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुई अंजना सुखानी

मुंबई। अभिनेत्री अंजना सुखानी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करती नजर आएंगी। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा हाल के समय की सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में वेदांग रैना, दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह और शरवरी के साथ अंजना सुखानी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अंजना ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की और इम्तियाज अली का धन्यवाद किया कि उन्होंने उन्हें 'मेहर' के किरदार के लिए चुना। अंजना सुखानी ने कहा कि इन सभी बड़े नामों के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और खुशी की बात है। खास तौर पर मुकेश का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना और भरोसा किया कि मैं यह किरदार निभा सकती हूं। इम्तियाज सर का भी शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेहर के रूप में देखा। मैं हमेशा इसके लिए शुक्रगुजार रहूंगी।

## फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक लॉन्च

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा ने एक बार फिर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर भव्य अंदाज में लॉन्च किया गया। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने इस अवसर को भोजपुरी सिनेमा के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भोजपुरी फिल्म का प्रस्तुत होना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय सिनेमा अब वैश्विक पहचान बना रहा है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004